शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 87% |
| सूर्योदय: 05:15 | सूर्यास्त: 17:57 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा


गुरु गोबिंद सिंह से प्रेरणा लेकर बिहार को समृद्ध बनाने के लिए काम करूंगा: सम्राट चौधरी पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : इस दुनिया में कोई भी समस्या रोने से हल नहीं होती है।

# लोकसभा में महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित विधेयक पेश

## वोटिंग आज शाम 4 बजे

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया। 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' पेश करने के प्रस्ताव के पक्ष में 251 वोट और विरोध में 185 वोट पड़े। इससे पहले कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने विधेयकों को 'असंवैधानिक' करार देते हुए इन्हें पेश करने के समय पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस के के.सी. वेणुगोपाल ने तीनों विधेयकों को भारत के संघीय ढांचे पर हमला बताते हुए कहा कि वास्तव में विधेयक इस समय लाने का क्या मकसद है। उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों ने सर्वसम्मति से 2023 में ही महिला आरक्षण विधेयक पारित कर दिया था तो सरकार ने उसी समय इसे लागू क्यों नहीं किया? वेणुगोपाल ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ''आप 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर डरे हुए हैं। आप असंवैधानिक विधेयक ला रहे हैं। इन्हें वापस लिया जाना चाहिए।'' समाजवादी पार्टी (सपा) के अखिलेश यादव ने सवाल किया कि सरकार को इन विधेयकों को लाने की इतनी जल्दीबाजी क्यों हैं? सपा के धर्मेंद्र यादव ने तीनों विधेयकों का विरोध करते हुए कहा ''मैं संवैधानिक आधार पर इनका पुरजोर विरोध करता हूं। संसद की जिम्मेदारी संविधान की सुरक्षा की है। लेकिन इन विधेयकों से संविधान को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिस तरह परिसीमन को जनगणना से अलग किया जा रहा है, वह संविधान की भावना के विरुद्ध है।'' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विधेयक पेश किए जाने से पहले इनके गुण-दोषों पर चर्चा नहीं हो सकती और सदस्य अभी केवल तकनीकी आधार पर आपत्ति जता सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी सदस्यों को केवल इस बारे में आपत्ति जतानी चाहिए कि विधेयक पुरस्थापित किए जा सकते हैं या नहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में परिसीमन के अनुपात में कोई बदलाव नहीं होने का आश्वासन देते हुए बृहस्पतिवार को लोकसभा में सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण अधिनियम संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की और कहा कि जो भी इसका विरोध करेंगे, उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।


केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल न पेश किया विधेयक

**पेश होते ही विपक्ष ने किया जोरदार विरोध**

### विरोध करेंगे तो मेरा सियासी फायदा, साथ देंगे तो मैं आपको क्रेडिट दूंगा : मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर हुई बहस में हिस्सा लेते हुए सभी राजनीतिक दलों से विधेयक का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि विरोध करेंगे तो मेरा सियासी फायदा होगा और साथ देंगे तो मैं आपको क्रेडिट देने के लिए तैयार हूं। मुझे कोई क्रेडिट नहीं चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि यहां कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का पॉलिटिकल सेल्फ-इंटरेस्ट है। अगर वे इसका विरोध करते हैं, तो यह स्वाभाविक है कि मुझे पॉलिटिकल फायदा होगा, लेकिन अगर वे साथ चलेंगे, तो किसी को कोई पॉलिटिकल फायदा नहीं होगा।उन्होंने कहा कि हमें क्रेडिट नहीं चाहिए। जैसे ही यह पास हो जाएगा, मैं कल सबको धन्यवाद देते हुए ऐड देने को तैयार हूं, सबकी फोटो छपवाने को तैयार हूं। क्रेडिट ले लोआप जो भी फोटो छपवाना चाहते हैं, मैं सरकारी खर्चे पर छपवाने को तैयार हूं।

### लोकसभा में दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधत्व कम नहीं होगा, बल्कि बढ़ेगा: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व कम होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी हिस्सेदारी कम नहीं होगी, बल्कि बढ़ेगी और 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे। लोकसभा चर्चा में कुछ विपक्षी सदस्यों की विभिन्न आशंकाओं और आपत्तियों को खारिज करते हुए शाह ने ये बातें कहीं। कर्नाटक में अभी 28 लोकसभा सीट हैं जो कुल 543 सीट का 5.15 प्रतिशत हैं, लेकिन ये विधेयक पारित होने के बाद कर्नाटक के सदस्यों की संख्या 42 हो जाएगी जो कुल 816 सीटों का 5.14 प्रतिशत होगी। शाह ने कहा कि आंध्र प्रदेश में अभी 25 लोकसभा सीट हैं और उसका प्रतिनिधित्व 4.6 प्रतिशत है जो परिसीमन के बाद 38 (4.65 प्रतिशत) हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में मौजूदा सीट की संख्या 17 (3.13 प्रतिशत) है, जो बाद में 26 (3.18 प्रतिशत) हो जाएंगी। शाह ने कहा, ''मैं तमिलनाडु की जनता को आश्वस्त करना चहता हूं कि उनके प्रतिनिधित्व में भी कोई कमी नहीं आएगी और राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा।'' उन्होंने कहा कि अभी राज्य के 39 सदस्य (7.18 प्रतिशत) हैं जो परिसीमन के बाद 59 (7.23 प्रतिशत) हो जाएंगे।

# 'मतदान से दो दिन पहले अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले भी डाल सकेंगे वोट'

**सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल चुनाव में मतदान अधिकार पर दिया आदेश**



**नई दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव से ठीक पहले तक अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले लोगों को मतदान का अधिकार दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव से दो दिन पहले तक मंजूर किए जाएंगे, उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति होगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि 21 अप्रैल या 27 अप्रैल तक अपीलीय आदेशों को लागू करते हुए एक पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि योग्य नागरिकों को मतदान से वंचित न होना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की अपील लंबित है, उन्हें केवल इसी आधार पर मतदान का अधिकार वापस नहीं दिया जाएगा। यानी अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई यह पूरी जांच प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण रही है, जिसे कम समय में पूरा करना एक वास्तविक रूप से कठिन कार्य था। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि अपीलीय स्तर पर आपत्तियों के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को दोबारा खोलने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया बाधित न हो।

### 'मुझे सुप्रीम कोर्ट पर गर्व हैं', फैसले पर बोलीं ममता

**कूचबिहार :** मुख्यमंत्री ममता ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुनः प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार पहले चरण के लिए एक पूरक मतदाता सूची 21 अप्रैल को जारी की जाएगी। इसी आधार पर उनके कार्यकर्ता रात तक फॉर्म भरकर यह सुनिश्चित करेंगे कि योग्य लोग मतदान से वंचित न रहें। ममता ने आगे कहा कि दूसरे चरण के चुनाव के लिए 27 अप्रैल को एक और पूरक सूची जारी की जाएगी, जिसके आधार पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्यमंत्री ने न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस फैसले से बेहद संतुष्ट और गौरवान्वित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने स्वयं इस मामले में लड़ाई लड़ी और आज आए फैसले से वह बेहद खुश हैं। उनके अनुसार, आज वह सबसे अधिक प्रसन्न हैं क्योंकि यह निर्णय लोकतांत्रिक अधिकारों को मजबूत करता है।

## पत्नी का भरण-पोषण करना पति का प्राथमिक और निरंतर कर्तव्य है : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि पति का अपनी पत्नी का भरण-पोषण करने का दायित्व एक प्राथमिक और निरंतर कर्तव्य है और इसे इस तरह से निभाया जाना चाहिए जिससे पत्नी गरिमापूर्ण जीवन जी सके। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि भरण-पोषण निष्पक्ष, उचित और पक्षों की स्थिति तथा पति की वित्तीय क्षमता के अनुरूप होना चाहिए। पीठ ने कहा, ''पत्नी का भरण-पोषण करना पति का प्राथमिक और निरंतर कर्तव्य है, जिसका निर्वहन इस प्रकार किया जाना चाहिए जिससे पत्नी गरिमापूर्ण जीवन जी सके और विवाह के दौरान प्राप्त जीवन स्तर के अनुरूप जीवन जी सके।'' उच्चतम न्यायालय ने ये टिप्पणियां एक महिला के गुजारा भत्ता की राशि को 15,000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रतिमाह करते हुए कीं। मामले के अनुसार, महिला का विवाह सात मई, 2023 को नयी दिल्ली में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था। शादी के बाद महिला अपने ससुराल में प्रतिवादी और उसके परिवार के सदस्यों के साथ रहने लगी। महिला के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच संबंध सौहार्दपूर्ण नहीं रहे और ससुराल में रहने के दौरान उसे उपेक्षा और शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। इन परिस्थितियों में, पत्नी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 144 के तहत टनकपुर, जिला चंपावत स्थित सक्षम न्यायालय में कार्यवाही शुरू की और 50,000 रुपये प्रति माह के गुजारा भत्ता की मांग की।

## महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन संबंधी विधेयकों को जोड़ना एक 'साजिश' : ममता

### तृणमूल सुप्रीमो का आरोप, विधेयकों को जोड़कर 'भारत को बांटने' की कोशिश की जा रही

**कूचबिहार/अलीपुरद्वार :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दावा किया कि महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन आयोग के गठन से संबंधित विधेयकों को कथित तौर पर आपस में जोड़ना मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की 'साजिश' है। ममता ने कूचबिहार जिले के माथाभंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को जोड़कर 'भारत को बांटने' की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को आपस में जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। इन विधेयकों को आपस में जोड़ना मतदाताओं के नाम हटाने और एनआरसी को लागू करने की साजिश है। ममता ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक तो बहुत पहले ही पारित हो चुका था, फिर इसके कार्यान्वयन में देरी क्यों हुई? तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने दावा किया कि लोकसभा में उसके निर्वाचित सांसदों में से 37 प्रतिशत महिलाएं हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान कथित तौर पर 'कार्ड' बांटने का जिक्र करते हुए, ममता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का कथित उल्लंघन करने के लिए उन्हें (सीतारमण) पद से हटाने की चुनौती दी।

**'विभिन्न विपक्षी दलों ने जताया समर्थन'**

अलीपुरद्वार में एक और रैली को संबोधित करते हुए ममता ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान और असम के लोग भारी धनराशि लेकर होटलों और अतिथि गृहों में ठहरे हुए हैं ताकि बंगाल में मतदाताओं को प्रभावित कर सकें। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि शिवसेना (उबाठा) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव बंगाल का दौरा करने और उन्हें समर्थन देने के इच्छुक हैं। ममता ने दावा किया कि मुझे खुशी है कि उद्धव ने मुझे फोन किया, स्टालिन ने मुझे संदेश भेजा, तेजस्वी भी आना चाहते हैं और अखिलेश भी मेरे संपर्क में हैं। इस चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा बंगाल की जनता पर किए गए 'अत्याचारों' के बारे में सभी जानते हैं।



**'भाजपा चुनावों के दौरान बम लगाने की ताक में'**

दिनहाटा में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल चुनावों के दौरान बम लगाने और फिर जांच के लिए एनआईए को बुलाने की योजना बना रही है।

### जनगणना जातियों की गिनती के साथ हो रही है, धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक: अमित शाह


**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि देश में जनगणना की प्रक्रिया जारी है और जातियों के साथ ही यह जनगणना होगी। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण गैर-संवैधानिक है। लोकसभा में महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किये जाते समय समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अखिलेश यादव और धर्मेंद्र यादव की कुछ टिप्पणियों का जवाब देते हुए शाह ने ये बातें कहीं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में आज 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया।

### लाहौर में हुए हमले में लश्कर-ए-तैयबा का सह-संस्थापक घायल

**भारत में हुए कई हमलों का मास्टर माइंड है हमजा**

**लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने किया हमला, हालत गंभीर**

**हाफिज सईद के बाद लश्कर का दूसरा प्रमुख नेता था**



**लाहौर :** पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा आतंकी समूह का सह-संस्थापक आमिर हमजा बृहस्पतिवार को लाहौर में मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। हमजा को लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद के बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण नेता माना जाता है। सईद आतंकी वित्तपोषण मामलों में कई वर्षों की सजा के बाद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद है। पुलिस के अनुसार, अज्ञात बंदूकधारियों ने गृह मंत्री मोहसिन नकवी के स्वामित्व वाले निजी टीवी चैनल '24 न्यूजएचडी टीवी' के वाहन पर गोलीबारी की।

## भाजपा सरकार आएगी तो बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे गुंडे, माफिया व मौलाना : योगी आदित्यनाथ

*** यूपी के सीएम ने भ्रष्टाचार, माफिया राज को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर बोला हमला**

*** योगी का दावा, सांस्कृतिक राजधानी को तृणमूल कांग्रेस सरकार के तहत 'अपराध की राजधानी' में बदल दिया**



**बीरभूम/आसनसोल :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और 'माफिया राज' ने पश्चिम बंगाल को 'पहचान के संकट' में धकेल दिया है। योगी ने बीरभूम के रामपुरहाट और बोलपुर तथा पश्चिम बर्दवान के बाराबनी में भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कभी देश की सांस्कृतिक राजधानी माने जाने वाले बंगाल को तृणमूल कांग्रेस सरकार के तहत 'अपराध की राजधानी' में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल को फिर से देश की सांस्कृतिक राजधानी बनाया जाएगा। योगी ने लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि बंगाल की जनता को अब तृणमूल कांग्रेस की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से बंगाल पहचान के संकट का सामना कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार में आतंक, जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और माफिया राज प्रदेश की पहचान बन गए हैं। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि आम लोगों, खासकर महिलाओं और युवाओं के बीच डर का माहौल उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि लोग खौफ में जी रहे हैं। बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं हैं, युवाओं का कोई भविष्य नहीं है और राजनीतिक संरक्षण में माफिया पनप रहे हैं। भाजपा इस माफिया संस्कृति को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए योगी ने आरोप लगाया कि राज्य विभिन्न माफियाओं के कब्जे में है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल रेत माफिया, कोयला माफिया, भूमि माफिया और पशु माफिया के हाथों में चला गया है। ये माफिया राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहे हैं। योगी ने सत्तारूढ़ सरकार पर केंद्रीय धन की हेराफेरी करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली से गरीबों और विकास के लिए पैसा भेजते हैं, लेकिन तृणमूल नेता और उनके समर्थक उस पैसे को लोगों तक पहुंचने से पहले ही लूट लेते हैं।



## खाड़ी संघर्ष के असर से बढ़ी महंगाई की मार

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यानी यूएनडीपी की पश्चिम एशिया युद्ध से भारत पर पड़ने वाले प्रभावों को उजागर करने वाली रिपोर्ट के निष्कर्ष चिंता बढ़ाने वाले हैं। रिपोर्ट बताती है कि खाड़ी में ईरान-अमेरिकी युद्ध से उपजी परिस्थितियों के चलते भारत में और 25 लाख लोग गरीबी की दलदल में फंस सकते हैं। साथ ही मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने की आशंका पैदा हो गई है। रिपोर्ट इस बात का भी खुलासा करती है कि पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियों में वृद्धि से एशिया प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट बताती है कि ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ने से लोगों की घरेलू क्रयशक्ति घट रही है, जिससे खाद्य असुरक्षा भी बढ़ रही है। वहीं विकास कार्यों के लिए निर्धारित सरकारी बजट पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। इसके अलावा आजीविका के अवसर कम हो रहे हैं। इस संकट में जहां पूरे विश्व में 88 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने की आशंका है, वहीं भारत में यह अनुमानित संख्या 25 लाख है। रिपोर्ट में पश्चिम एशिया में तनाव के चलते एशिया-प्रशांत में तकरीबन 299 अरब डॉलर तक का नुकसान होने की आशंका है। हालांकि, भारत की बड़ी आबादी के सामने बढ़ने वाली गरीबों की संख्या छोटी है, लेकिन इससे भारत में गरीबी की दर बढ़ सकती है, जिसके 35.40 करोड़ होने की आशंका है। दरअसल, आज भी भारत करीब 90 फीसदी तेल जरूरतों के लिए आयात पर आश्रित है। हम कच्चे तेल का 40 फीसदी से अधिक और रसोई गैस का 90 फीसदी आयात पश्चिम एशिया से करते हैं। साथ ही हम अपने उर्वरकों का 40 फीसदी हिस्सा युद्धग्रस्त पश्चिमी एशिया से आयात करते हैं। एलएनजी की कीमतों में वृद्धि से कोयला आधारित बिजली पर हमारी निर्भरता बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर व्यापार व आपूर्ति शृंखला भी प्रभावित हुई। आशंका है कि संघर्ष से रेमिटेंस में भी कमी आएगी।

निस्संदेह, मालभाड़ा शुल्क, युद्ध जोखिम बीमा, मार्ग परिवर्तन और देरी की वजह से आयातित तेल आदि की कीमतों में वृद्धि हो रही है, जिससे हमारे आयात मूल्य में वृद्धि व निर्यात का नुकसान बढ़ा है। असर हमारी खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। वहीं खाद की आपूर्ति में बाधा का असर खरीफ की फसल पर पड़ने की आशंका है। इस सब के चलते बढ़े दामों का प्रभाव आम आदमी की जेब पर हो रहा है, जिसका रोजगार और आय के मामले में असर बड़ी आबादी पर नजर आ रहा है। हाल ही में नोएडा और मानेसर में श्रमिक असंतोष को इसकी परिणति के रूप में महसूस किया जा सकता है। दरअसल, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो रही है। आर्थिक परेशानियों के चलते आम आदमी अब अपने जरूरी खर्चों में कटौती कर रहा है। वजह है उसकी आय के साधन सीमित होना। वहीं निम्न आय वर्ग के लोगों में इससे भरण-पोषण का संकट पैदा हो रहा है। श्रमिक असंतोष के बीच आक्रोश उभरा कि महंगाई के अनुपात में उनकी आमदनी नहीं बढ़ रही, फलत: जीवनयापन कठिन होता जा रहा है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में भी स्वीकार किया गया कि मार्च में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.4 हो गई है, जिसकी वजह पश्चिमी एशिया से उपजा संकट बताया जा रहा है। सवाल यह है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास सिरे क्यों नहीं चढ़ रहे हैं। यदि कदम प्रभावकारी हैं तो फिर महंगाई क्यों बढ़ रही है। वास्तव में खाद्य पदार्थों के दामों में वृद्धि को महंगाई का मुख्य कारण बताया जा रहा है। यद्यपि सरकार की दलील है कि खुदरा महंगाई दर केंद्रीय बैंक की रेड लाइन चार फीसदी से नीचे है। लेकिन वास्तव में स्थिर आय के चलते महंगाई अधिक महसूस की जा रही है। लेकिन लोगों की चिंता यह है कि यदि पश्चिम एशिया संकट का शीघ्र समाधान नहीं निकलता है तो महंगाई की मार असहनीय हो सकती है। यदि समय रहते सरकार की तरफ से ठोस प्रयास किए जाते हैं तो महंगाई पर अंकुश लगाना संभव हो पायेगा।

# महिला आरक्षण बिल पर राजनीतिक तूफान



रोहित माहेश्वरी

संसद के विशेष सत्र में 16 अप्रैल को महिला आरक्षण कानून से जुड़े तीन अहम संशोधन विधेयक पेश किये गये। इन प्रस्तावों के तहत वर्ष 2029 से लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी। इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। संशोधन विधेयक में लोकसभा की कुल सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का प्रस्ताव रखा गया है, जबकि वर्तमान में यह संख्या 543 है।

जो विधेयक पेश किये गये हैं वो हैं, केंद्र शासित प्रदेश क़ानून (संशोधन) विधेयक 2026, संविधान (131 वां संशोधन) विधेयक 2026 और परिसीमन विधेयक 2026 । प्रस्ताव के अनुसार, राज्यों में अधिकतम 815 सीटें और केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटें निर्धारित की जा सकती हैं। सीटों के अंतिम निर्धारण के लिए परिसीमन प्रक्रिया भी लागू की जाएगी। नए प्रावधानों के तहत लोकसभा की 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इन विधेयकों पर संसद में 18 अप्रैल तक विस्तृत चर्चा होने की संभावना है, जिसके बाद आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।

इन बिलों का कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, टीएमसी, एआईएमआईएम, सीपीआई एम समेत विपक्षी दलों ने विरोध किया है। विपक्ष इसको बीजेपी की चुनावी रणनीति के तौर पर देख रहा है। हालांकि पीएम मोदी के दिशा निर्देशन में गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे पर अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठकें भी की हैं। इस दौरान सीट बढ़ाने के स्ट्रेट जैकेट फॉर्मूला पर चर्चा हुई, जिसमें मौजूदा सीटों को बढ़ाकर नए ढांचे में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें तय की जाएंगी। इससे लोकसभा की कुल सीटें बढ़कर करीब 800 से ज्यादा हो सकती हैं। इस बीच दक्षिण भारत के कुछ राज्यों ने जनसंख्या के आधार पर परिसीमन पर ऐतराज किया है। इसलिए सरकार अब ऐसा फॉर्मूला लाने की कोशिश कर रही है, जिससे सभी राज्यों के हितों का संतुलन बना रहे।

दरअसल, 2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106 वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसकी मंजूरी दे चुकी हैं। लोकसभा और राज्यसभा में यह बिल सर्वसम्मति से पास हुआ था। हालांकि, यह कानून अभी लागू नहीं हुआ है। इसकी लागू होने की तारीख केंद्र सरकार अधिसूचना के जरिए तय करेगी और जरूरत पड़ने पर संसद इसमें संशोधन कर सकती है।

इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है। अब सरकार का प्रस्ताव है कि नई जनगणना का इंतजार करने की बजाय 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन किया जाए। इससे प्रोसेस तय समय पर पूरी हो सकेगी और आरक्षण लागू किया जा सकेगा। इसके लिए दो बिल लाए जा सकते हैं। एक बिल के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन होगा, जबकि दूसरा परिसीमन कानून में बदलाव से जुड़ा होगा। इसे पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है।

महिला आरक्षण प्रस्ताव के मुताबिक 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। आरक्षण का ढांचा ऐसा होगा, जिसमें एससी और एसटी वर्ग की महिलाओं को उनके कोटे के भीतर हिस्सा मिलेगा। ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान फिलहाल शामिल नहीं है। इसी फॉर्मूले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे। गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों इसके लिए कई नेताओं से बैठकें की हैं। इनमें वाईएसआर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी), आरजेडी और एआईएमआईएम के नेता शामिल रहे। बीजेडी और शिवसेना (यूबीटी) से भी बातचीत हुई है, जबकि कांग्रेस से चर्चा बाकी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ेंगी। 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है। साल 1931 में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान महिलाओं के लिए राजनीति में आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा हुई थी। तब प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। वर्ष 1971 में भारत में महिलाओं की स्थिति पर समिति का गठन किया गया। इसके कई सदस्यों ने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध किया। तीन साल बाद वर्ष 1974 में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए महिलाओं की स्थिति पर एक समिति ने शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने की सिफारिश की गई थी।

साल 1988 में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना ने पंचायत स्तर से संसद तक महिलाओं को आरक्षण देने की सिफारिश की। वर्ष 1993 में 73वें और 74वें संविधान संशोधनों में पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित की गईं। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और केरल सहित कई राज्यों ने स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण लागू किया है।

13 जुलाई 1998 को अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार ने लोकसभा में बिल पेश करने की कोशिश की, लेकिन आरजेडी सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बिल की कॉपी फाड़ दी। 11 दिसंबर 1998 को लोकसभा में बिल पेश करने की कोशिश हुई, लेकिन सपा सांसद दरोगा प्रसाद स्पीकर पोडियम तक पहुंच गए। वर्ष 2000 में अटल सरकार ने पेश करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। वर्ष 2002 में अटल सरकार ने पेश करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। वर्ष 2003 में जुलाई में बीजेपी नेता मुरली मनोहर जोशी ने सर्वदलीय बैठक में आम सहमति बनाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे।

साल 2008 में मनमोहन सरकार ने 6 मई को राज्यसभा में विधेयक पेश किया। खूब हंगामा हुआ। स्टैंडिंग कमेटी को भेजा गया। 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में विधेयक पेश किया गया और दो तिहाई बहुमत से पारित हो गया। लेकिन लोकसभा में पेश नहीं हो पाया। बिल लैप्स हो गया। वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में विधेयक संसद में पेश किया। कुशल प्रबंधन के चलते यह लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ही पारित हो गया। 106वा संविधान संशोधन और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद यह कानून बना।

विपक्ष का कहना है कि असली मसला महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन है। इसके बावजूद विपक्ष के पास कोई रास्ता नहीं है। सरकार की ओर से खास कर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से महिला आरक्षण का ऐसा माहौल बनाया गया है कि अगर विपक्ष ने इसका विरोध किया तो उसको महिला विरोधी माना जाहिए। संसद की कार्यवाही में विपक्षी पार्टियां परिसीमन की मुद्दा उठाएंगी लेकिन मजबूरी में उनको इसका समर्थन करना होगा, जैसे सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन कानून का किया था।

जानकारों के मुताबिक पेश विधेयकों को पास कराना आसान नहीं होगा। ये संविधान में संशोधन के लिए विधेयक हैं, जिन्हें पास कराने के लिए विशेष बहुमत की जरूरत होगी। संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत, संविधान संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत जरूरी होता है। इसके लिए सरकार को कुछ विपक्षी पार्टियों और ऐसी पार्टियों से बात करनी होगी, जो मौजूदा लोकसभा में किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं।

-स्वतंत्र पत्रकार

# जनसंख्या बनाम विकास: लोकसभा पुनर्गठन की असली चुनौती



प्रो. आरके जैन

भारत की संसदीय व्यवस्था इस समय एक अहम मोड़ पर खड़ी है, जहां लिया गया निर्णय आने वाले दशकों की राजनीति, नीतियों और प्रतिनिधित्व की दिशा तय करेगा। लोकसभा की सीटों को वर्तमान 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 (815 राज्य व 35 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए) करने का प्रस्ताव केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के गणित और भूगोल-दोनों को बदलने वाला कदम है। सवाल सीधा है, पर इसका उत्तर जटिल-क्या इससे आम मतदाता की ताकत वास्तव में बढ़ेगी या बड़े राज्यों का राजनीतिक प्रभाव और गहरा होगा? यही वजह है कि यह बहस अब संसद तक सीमित नहीं रही, बल्कि देश के हर उस नागरिक तक पहुंच गई है, जो चाहता है कि उसका वोट सिर्फ गिना ही नहीं, बल्कि असर भी दिखाए।

सरकार का तर्क सीधा और ठोस है कि बढ़ती आबादी के साथ प्रतिनिधित्व का दायरा बढ़ाना अब अनिवार्य हो चुका है। मौजूदा स्थिति में एक सांसद पर अत्यधिक जनसंख्या का बोझ है, जिससे स्थानीय समस्याएं अक्सर राष्ट्रीय बहस में दब जाती हैं। प्रस्तावित योजना के तहत सीटों को लगभग 50 प्रतिशत बढ़ाकर अधिकतम 850 करने से प्रत्येक सांसद कम लोगों का प्रतिनिधित्व करेगा, जिससे जनता और प्रतिनिधि के बीच दूरी घटेगी, संवाद सशक्त होगा और जवाबदेही बढ़ेगी। इससे नीतियों का क्रियान्वयन भी अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है। साथ ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करने के लिए यह विस्तार एक ठोस आधार के रूप में देखा जा रहा है, जो राजनीति में लैंगिक संतुलन को मजबूत कर सकता है।

इस प्रस्ताव का एक ऐसा पक्ष भी है, जो गहरी चिंता पैदा करता है और जिसे नजरअंदाज करना आसान नहीं है। दक्षिण भारत के राज्यों ने लंबे समय से जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा और स्वास्थ्य में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में यदि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर हुआ, तो अधिक आबादी वाले राज्यों को ज्यादा सीटें मिलेंगी। इसका असर यह होगा कि दक्षिण के राज्यों का संसद में सापेक्षिक प्रभाव घट सकता है। यह स्थिति एक असंतुलन पैदा करती है, जहां विकास और बेहतर शासन का परिणाम राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कमी बनकर सामने आता है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि किसी राज्य की मौजूदा सीटें कम नहीं होंगी, फिर भी दक्षिण के राज्यों को अपने प्रभाव में कमी की आशंका है।

यदि इसे आम नागरिक की नजर से परखा जाए, तो इस बदलाव के भीतर कई ठोस संभावनाएं दिखाई देती हैं। सीटों में वृद्धि का मतलब है कि संसद में अधिक विविधता आएगी और अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याएं पहले से ज्यादा प्रभावी ढंग से उठ सकेंगी। ग्रामीण इलाकों, छोटे शहरों और पिछड़े वर्गों को अपनी बात रखने के लिए व्यापक मंच मिलेगा। महिला आरक्षण के जरिए राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को नई प्राथमिकता मिल सकती है। यह बदलाव उन वर्गों के लिए अवसर का द्वार खोल सकता है, जो अब तक निर्णय प्रक्रिया में सीमित दायरे में ही रह गए थे।

> ■ **लोकसभा विस्तार: क्या यह सुधार है या संतुलन की नई परीक्षा?**
>
> ■ **लोकसभा विस्तार का द्वंद्व: प्रतिनिधित्व का न्याय या जनसंख्या का दबाव?**

असल चिंता यहीं से शुरू होती है-क्या केवल सीटों की संख्या बढ़ा देने से प्रतिनिधित्व वास्तव में सशक्त हो जाएगा? यह मान लेना एक सरलीकृत दृष्टि होगी। प्रतिनिधित्व सिर्फ आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि संतुलन और न्यायपूर्ण भागीदारी का भी प्रश्न है। जब किसी एक क्षेत्र का प्रभाव असामान्य रूप से बढ़ता है, तो नीति निर्माण का झुकाव भी उसी दिशा में होने लगता है। इसका सीधा असर संसाधनों के वितरण, बजट आवंटन और विकास योजनाओं पर पड़ सकता है, जिससे क्षेत्रीय असमानताएं और गहरी हो सकती हैं। दक्षिण के राज्यों की मुख्य चिंता यही है कि उनका आर्थिक योगदान और सामाजिक उपलब्धियां राजनीतिक फैसलों में अपेक्षित महत्व नहीं पा सकेंगी।

यहीं से एक रचनात्मक और संतुलित समाधान की मांग उभरती है, जहां विपक्ष और कई क्षेत्रीय दल इस प्रस्ताव को केवल संख्या नहीं, बल्कि व्यापक न्याय के दृष्टिकोण से देखने की बात करते हैं। उनका मानना है कि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर तय नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें विकास के ठोस मानकों को भी शामिल करना जरूरी है। साक्षरता, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रति व्यक्ति आय और जनसंख्या नियंत्रण जैसे प्रयासों को प्रतिनिधित्व निर्धारण में उचित महत्व मिलना चाहिए। यह दृष्टिकोण इस बात को रेखांकित करता है कि लोकतंत्र केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि गुणवत्ता, जवाबदेही और संतुलित भागीदारी की एक मजबूत व्यवस्था भी है।

निर्णायक दौर में नीतियों की असली कसौटी सामने आती है और यह विमर्श भी उसी पर खरा उतरने की मांग करता है, जहाँ स्थायी व न्यायपूर्ण समाधान संतुलन में निहित है। जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है, लेकिन संघीय ढांचे और राष्ट्रीय एकता के लिए क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। यदि परिसीमन में दोनों को समान महत्व मिला, तो यह बदलाव लोकतंत्र को अधिक सुदृढ़ और समावेशी बना सकता है, अन्यथा असंतुलन बढ़ सकता है। उनका मानना है कि परिसीमन केवल जनसंख्या पर आधारित न होकर आर्थिक योगदान, साक्षरता, स्वास्थ्य, प्रति व्यक्ति आय और जनसंख्या नियंत्रण जैसे मानकों को भी महत्व दे, ताकि विकासशील राज्यों की प्रगति को उचित सम्मान मिल सके।

अब निर्णायक सवाल यह है कि अधिकतम 850 सीटों वाली लोकसभा देश को संतुलित प्रतिनिधित्व की ओर ले जाएगी या असंतुलन की ओर। यह प्रस्ताव न पूरी तरह लाभकारी है, न हानिकारक; इसका परिणाम इसके क्रियान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सभी राज्यों की चिंताओं को स्थान देकर प्रतिनिधित्व को संतुलित ढंग से पुनर्गठित किया गया, तो यह आम नागरिक के वोट को वास्तविक ताकत दे सकता है। लेकिन यदि यह केवल जनसंख्या के गणित तक सीमित रहा, तो बड़े राज्यों का वर्चस्व बढ़ने का खतरा रहेगा। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि हर नागरिक महसूस करे कि उसकी आवाज का समान महत्व है और उसका वोट केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रभाव का प्रतीक है।

-शिक्षाविद्

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 अप्रैल, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख कृष्णपक्ष अमावस्या, 17:18 तक, नक्षत्र : रेवती, 05:02 तक, योग : वैधृति, 07:12 तक, सूर्योदय: 05:15, सूर्यास्त: 17:57, चन्द्रोदय : 04:46, चन्द्रास्त: 17:55, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 10:01 से 11:36

## राशिफल

**मेष :** आज आपका घर-परिवार खुशियों से भरने वाला है। वैवाहिक जीवन में मिठास बढ़ेगी और पुराने विवाद भी आपकी समझदारी से खत्म हो सकते हैं।

**वृष :** आज आपको अपनी जुबान पर कंट्रोल रखना ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। बेवजह के विवाद से दूर रहें और पैसों के मामलों में समझदारी दिखाएं।

**मिथुन :** आज करियर में चमकने का मौका है। मेहनत का फल मिलेगा, बस फोकस बनाए रखें। सरकारी काम में थोड़ी समझदारी दिखानी होगी। खर्चे बढ़ सकते हैं।

**कर्क :** आज दिल नहीं, दिमाग से फैसले लेने का दिन है। भावनाओं में बहकर लिया गया निर्णय नुकसान दे सकता है। खर्चों का हिसाब रखें, नहीं तो परेशानी बढ़ेगी।

**सिंह :** आज आपका रुका हुआ हर काम पूरा होने की ओर बढ़ेगा। आत्मविश्वास चरम पर रहेगा और व्यापार में लाभ मिलेगा। जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा।

**कन्या :** आज सतर्क रहना बहुत जरूरी है। आसपास के लोग आपके खिलाफ चाल चल सकते हैं। पुराने कर्ज की याद आपको तनाव दे सकती है। लापरवाही से नुकसान हो सकता है।

**तुला :** आज किस्मत आपका साथ देने को तैयार है। करियर में अच्छा फायदा मिलेगा और आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से रुका हुआ काम पूरा होगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन संतुलन का है। बाकी सब छोड़कर सेहत पर ध्यान देना जरूरी है। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए नए कदम उठाएंगे और साइड इनकम का रास्ता खुल सकता है।

**धनु :** आज खुशियों की बारिश होने वाली है। एक के बाद एक अच्छी खबर आपका इंतजार कर रही है। घर में मांगलिक कार्यक्रम का माहौल बन सकता है। संतान के लिए नई शुरुआत का समय है।

**मकर :** आज का दिन संतुलित लेकिन फलदायक है। आय बढ़ेगी और मन खुश रहेगा। नौकरी में फोकस बनाए रखना जरूरी है। प्रॉपर्टी या वाहन खरीदने की योजना बन सकती है।

**कुम्भ :** आज आपके लिए खास दिन है। भाई-बहनों का सहयोग आपको आगे बढ़ाएगा। दूर बैठे किसी अपने की याद दिल को छू सकती है। बच्चों के साथ बिताया समय आपको खुशी देगा।

**मीन :** आज आपके लिए खास दिन है। भाई-बहनों का सहयोग आपको आगे बढ़ाएगा। दूर बैठे किसी अपने की याद दिल को छू सकती है। बच्चों के साथ बिताया समय आपको खुशी देगा।

## देश - विदेश

### हवाई क्षेत्र के ऊपर से उड़ान भरने की अनुमति के लिए अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा इंडोनेशिया

**जकार्ता :** इंडोनेशिया अपने हवाई क्षेत्र में उड़ानों की अनुमति देने के संबंध में अमेरिका के प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इंडोनेशिया और अमेरिका के बीच प्रमुख रक्षा सहयोग साझेदारी स्थापित होने के बाद यह प्रस्ताव स्थानीय मीडिया में सामने आया। इसकी घोषणा अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोमवार को पेंटागन में की थी। इंडोनेशिया के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता यवोन मेवेंगकांग ने पत्रकारों से कहा, यह अभी सरकार के आंतरिक विचार-विमर्श के अधीन है और नियामक तंत्र की सावधानीपूर्वक पड़ताल जारी है। और निश्चित रूप से इसमें इंडोनेशिया के राष्ट्रीय हितों, हवाई क्षेत्र की संप्रभुता और हमारी स्वतंत्र एवं सक्रिय विदेश नीति को भी ध्यान में रखा जा रहा है। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय ने इस सप्ताह पुष्टि की कि अमेरिका ने हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने की अनुमति मांगी थी और इस पर अभी विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### हूती नेता ने ईरान वार्ता में 'बाधा' के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया

**दुबई :** ईरान समर्थित यमनी विद्रोही समूह के नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत में अमेरिका ऐसी 'असंभव मांगें' रख रहा है, जिन्हें किसी भी स्वतंत्र देश के लिए स्वीकार करना मुमकिन नहीं है। हूती ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो जारी करके कहा कि दो सप्ताह का संघर्ष विराम ईरान युद्ध में अपने लक्ष्यों को हासिल करने में अमेरिका और इजराइल की 'विफलता' का परिणाम है।

### लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने नेतन्याहू से बातचीत करने से इनकार किया

**बेरूत :** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने बृहस्पतिवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत करने से इनकार कर दिया। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की गई और वाशिंगटन ने लेबनान के रुख के प्रति 'सहानुभूति' दिखाई। एक अन्य लेबनानी अधिकारी ने बताया कि औन ने रूबियो से कहा कि लेबनान में जारी हवाई हमलों और तबाही के बीच नेतन्याहू के साथ सीधी बातचीत करना ठीक नहीं होगा, क्योंकि अब तक युद्धविराम भी लागू नहीं हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारी ने अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी।

## वर्ग पहेली नं. 3412

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | 23 | | ■ | 24 | 25 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 26 | ■ | 27 | | 28 | |
| | ■ | 29 | | | | | ■ | | ■ |

*बायें से दायें :-* 1) फलना-फूलना, 4) छल; कुचाल; धोखा, 7) शरारत, 9) प्रेक्षक, 10) धान के बीजों के दाने, 11) आतंक, 13) बातूनी, 14) सर्वत्र, 16) जंगल, 18) सीमा, 19) प्रवीण, 20) काटकर लगाने की टहनी, 22) नक़ली, 24) लालसा, 27) अधीन, 29) सुस्ती.

*ऊपर से नीचे :-* 1) रुग्णसेविका, 2) कुश्तीबाज़, 3) स्त्री, 4) जीत, 5) अधिक बुरा, 6) अचूक एवं गुणकारी *(औषध)*, 8) केला, 12) मकरंद, 15) अंतर्धान; छिपा हुआ, 17) पलटना, 18) एक मिष्ठान्न, 19) झोंपड़ी, 20) कपड़े की दीवार, 21) मनौती, 22) मुबारकबाद, 23) उगाही, 25) समभार, 26) एक शाखा-हीन ऊँचा वृक्ष, 28) द्वारा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | ल | सा | ज़ | ■ | भ | रो | सा | ■ | अ |
| ■ | ■ | ह | रा | म | ■ | ■ | खा | नि | ज |
| प्र | या | स | ■ | ह | सी | न | ■ | ■ | न |
| या | ■ | ■ | ह | ल्ला | ■ | क | र | त | बी |
| ग | लि | या | रा | ■ | फाँ | सी | ■ | रु | ■ |
| ■ | प | ■ | भा | द्रा | ■ | र | म | णी | य |
| च | ट | का | रा | ■ | बु | ■ | नो | ■ | क |
| प | ना | ली | ■ | ब | रा | ब | र | ■ | लौ |
| ला | ■ | न | ग | दी | ■ | स | मा | न | ता |

## सुडोकू-पहेली-3370

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 5 |
| 8 | | | 9 | 7 | | 3 | | |
| 4 | | 7 | | | | | | |
| | | 1 | | | | | 3 | |
| | 9 | | 8 | 6 | | | | 1 |
| | 8 | | | 1 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 7 | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 1 | | 5 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

●●●●

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3369 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 1 | 3 |

# बंगाल में घुसपैठियों का स्वागत करती हैं ममता : सीएम हिमंत विश्व शर्मा

## असम के सीएम ने राज्य में भाजपा के 200 सीटें जीतने का किया दावा



**अलीपुरद्वार/कूचबिहार :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को दावा किया कि जहां उनके राज्य और त्रिपुरा में भाजपा सरकारें बांग्लादेश से घुसपैठ की अनुमति नहीं देती हैं, वहीं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी बंगाल में उनका 'स्वागत' करती हैं। अलीपुरद्वार जिले में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, शर्मा ने यह भी दावा किया कि तृणमूल सरकार राज्य में भारत–बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने की अनुमति नहीं देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि असम और त्रिपुरा में भाजपा सरकारें बांग्लादेश से घुसपैठ की अनुमति नहीं देती हैं, लेकिन (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी बंगाल में उनका स्वागत करती हैं। शर्मा ने कहा कि अवैध आप्रवासन के कारण राज्य में जनसांख्यिकीय परिवर्तन हो रहा है, और दावा किया कि राज्य में हिंदुओं की आबादी घट रही है, जबकि बांग्लादेशी मुसलमानों की आबादी बढ़ रही है। असम के मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि भाजपा पूर्वोत्तर राज्य में 'निश्चित रूप से जीतेगी' और चार मई को चुनाव परिणाम घोषित होने पर 126 सदस्यीय (असम) विधानसभा में 'शतक' बनाएगी। शर्मा ने दावा किया कि भाजपा राज्य में 200 सीटें जीतेगी। दार्जिलिंग जिले के फांसिदेवा निर्वाचन क्षेत्र में एक अन्य जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि असम एक छोटा राज्य है, हम वहां शतक बनाएंगे; बंगाल एक बड़ा राज्य है, हमें वहां दोहरा शतक लगाना होगा। असम के मुख्यमंत्री ने एजेयूपी नेता हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की शैली में बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखने का भी उल्लेख किया। शर्मा ने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनी तो हम उन्हें सबक सिखाएंगे। मस्जिद के निर्माण से हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन बाबर के नाम पर क्यों?

### 'टीएमसी सत्ता में बनी रहती है, तो पश्चिम बंगाल में स्थिति बांग्लादेश से भी बदतर हो जाएगी'

शर्मा ने कहा कि राज्य को ऐसी सरकार की आवश्यकता है जो राज्य में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी प्रवासियों को 'सही इलाज' करने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें पश्चिम बंगाल के इस चुनाव में भाजपा को विजयी बनाना होगा। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आर–'प लगाया कि लेकिन, जहां मैं उन्हें वापस भेज देता हूं, वहीं ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में उनका नवविवाहित दुल्हनों की तरह स्वागत करती हैं। शर्मा ने कहा कि अगर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सत्ता में बनी रहती है, तो पश्चिम बंगाल में हमारी स्थिति बांग्लादेश से भी बदतर हो जाएगी।

### 'तृणमूल झूठे दावे कर रही है कि अगर भाजपा जीती तो वह मछली खाने से रोक देगी'

कूचबिहार में एक अन्य रैली में शर्मा ने तृणमूल और ममता पर झूठे वादे करने का आरोप लगाया कि राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने पर भाजपा द्वारा मांस और मछली के सेवन पर रोक लगा दी जाएगी। शर्मा ने कहा कि भाजपा शासित असम में कोई भी व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार जितना चाहे उतना मांसाहारी भोजन कर सकता है। उन्होंने कहा कि असम में केवल गोमांस (बीफ) के सेवन पर ही प्रतिबंध है। शर्मा ने कहा कि आप धुबरी या गोलपाड़ा जाकर जितनी चाहें मछली और मांस खा सकते हैं, इस पर कोई रोक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी को चिंता है कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर यहां बीफ का व्यापार बंद हो जाएगा। शर्मा ने ममता को असम आने और 'जितना चाहें उतना मटन और चिकन खाने' का निमंत्रण भी दिया। असम के मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि तृणमूल चाहती है कि मवेशियों की तस्करी बांग्लादेश में जारी रहे ताकि वे अपनी जेबें भर सकें।

# अभिषेक बनर्जी ने अमित शाह को मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहने की दी चुनौती

**पूर्व मेदिनीपुर :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर चुनावों से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने–धमकाने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहने की गुरुवार को चुनौती दी। पूर्व मेदिनीपुर जिले के भगवानपुर में एक चुनावी रैली में अभिषेक ने कहा कि अगर आपमें हिम्मत है, तो मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहें, तब हम देखेंगे। उन्होंने ममता बनर्जी के चौथी बार मजबूत जनादेश के साथ सत्ता में लौटने का विश्वास व्यक्त किया। भाजपा नेताओं से धमकियां मिलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हमें धमकियां मिल रही हैं। गृह मंत्री कह रहे हैं कि तृणमूल कार्यकर्ता अपने घरों से बाहर न निकलें वरना उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह यहां आकर बंगाल के लोगों को धमकाए। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने एक सूची तैयार की है–– ब्लॉक दर ब्लॉक, पंचायत दर पंचायत। सूद सहित हिसाब चुकता किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी



प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। तृणमूल महासचिव ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), आयकर विभाग, निर्वाचन आयोग – किसी भी चीज का इस्तेमाल करने से कुछ नहीं होगा। आप जितना हमें बदनाम करेंगे, हम उतने ही मजबूत होते जाएंगे। इस मुकाबले को ''दिल्ली की सत्ता'' और ''बंगाल की जनता'' के बीच की लड़ाई बताते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दिल्ली के शक्तिशाली नेता, संस्थाएं हैं, और दूसरी तरफ बंगाल के 10 करोड़ लोग और चप्पल पहने एक महिला हैं। तृणमूल नेता ने भाजपा पर बंगालियों को 'बांग्लादेशी' कहकर उनका अपमान करने और उनकी खान–पान की पसंद को निशाना बनाने का भी आरोप लगाया तथा मतदाताओं से वोट के माध्यम से 'मुंहतोड़ जवाब' देने का आग्रह किया।

### यूसीसी के प्रभाव और कुड़माली भाषा की लंबित मान्यता पर भाजपा पर साधा निशाना

**झाड़ग्राम :** तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी ने प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और कुड़माली भाषा की लंबित मान्यता को लेकर भाजपा पर हमला किया। अभिषेक ने झाड़ग्राम जिले के गोपीबल्लभपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए इन दोनों मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि यह आदिवासी समुदायों के रीति–रिवाजों और प्रथाओं को दरकिनार करते हुए उनपर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। उन्होंने भाजपा पर लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने दो महीने पहले केंद्र को पत्र लिखकर इस भाषा को शामिल करने की मांग की थी, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। अभिषेक बनर्जी ने महिलाओं को 3,000 रुपये की प्रस्तावित मासिक सहायता के लिए फॉर्म भरने के खिलाफ आगाह किया, और आरोप लगाया कि इसी तरह के वादों के बावजूद भाजपा शासित किसी भी राज्य ने ऐसी योजना लागू नहीं की है।

### कांग्रेस ने तृणमूल और भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ जनता का आरोपपत्र किया जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को 'जनता का आरोपपत्र' जारी किया, जिसमें सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से लेकर सांस्कृतिक पहचान और निधि आवंटन जैसे मुद्दों पर राज्य की जनता से 'विश्वासघात' किए जाने का आरोप लगाया गया है। इसमें आरोप लगाया गया कि बंगाल को 'राज्य स्तर पर कुशासन और राष्ट्रीय स्तर पर उपेक्षा' का सामना करना पड़ा है। तृणमूल सरकार को निशाना बनाते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राज्य में 'सिंडिकेट राज' का उदय हुआ है, बड़े पैमाने पर घोटाले हुए हैं, भर्ती में अनियमितताएं हुई हैं, महिलाओं के खिलाफ बार–बार हिंसा हुई है और सांप्रदायिक अशांति फैली है। प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने 'जनता का आरोपपत्र' जारी करते हुए कहा कि बंगाल की जनता जवाबदेही की हकदार है, न कि दो दलों के बीच दोषारोपण की राजनीति की, जिन्होंने राज्य को निराश किया है। 'जनता के आरोपपत्र' में सारदा और रोज वैली चिट फंड मामलों, स्कूल भर्ती विवाद और राशन वितरण अनियमितताओं जैसे कथित घोटालों को वर्तमान शासन के तहत ''संस्थागत भ्रष्टाचार'' के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया गया है।

# बंगाल में आज जो स्थिति है, वह नौ साल पहले उत्तर प्रदेश में थी : योगी



**बीरभूम/आसनसोल :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला किया। उत्तर प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने से पहले के हालात की तुलना पश्चिम बंगाल से करते हुए योगी ने कहा कि उनका राज्य भी कभी लगातार दंगों, कानून–व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का गवाह था। उन्होंने कहा कि बंगाल में आज जो स्थिति दिख रही है, वह नौ साल पहले उत्तर प्रदेश में थी। वहां अराजकता, भय, दंगे, आपराधिक गिरोह और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार था। विकास के लिए दिए गए धन को लूट लिया जाता था। यह दावा करते हुए कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के तहत परिवर्तन आया है, योगी ने कहा कि बंगाल की समस्याओं का जवाब 'डबल इंजन' सरकार है। उन्होंने कहा कि नौ साल पहले, उत्तर प्रदेश में हर दूसरे या तीसरे दिन दंगे होते थे। त्योहार शांति से नहीं मनाए जा सकते थे। महिलाएं असुरक्षित थीं, गुंडागर्दी चरम पर थी और अपराधियों तथा माफिया ने सबकुछ नियंत्रित कर रखा था। आज, स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। योगी ने कहा कि बंगाल के लिए एकमात्र उपाय 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकार है। भाजपा नेता ने धार्मिक मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश में जय श्रीराम का नारा लगाने से लोग हिचकते थे, लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बाद स्थिति बदल गई है। योगी ने कहा कि भाजपा न तो गौहत्या होने देगी और न ही हिंदुओं को बंटने देगी।

❑ **'घुसपैठियों' को दी चेतावनी**

बोलपुर की रैली में योगी ने 'घुसपैठियों' को चेतावनी देते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर उन्हें देश से बाहर निकाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बात की चिंता मत कीजिए कि कोई मौलाना या तृणमूल नेता क्या कहता है। भाजपा की सरकार बनने दीजिए, अव्यवस्था पैदा करने वालों को लाइन पर लाया जाएगा।

### चुनाव से पहले तृणमूल को बड़ा झटका, अब्दुर रज्जाक ने छोड़ी पार्टी

❑ **विधायक का दावा, डोमकल सब–डिवीजन की तीनों सीटों पर पार्टी को करना पड़ेगा हार का सामना**

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से केवल सात दिन पहले तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। मुर्शिदाबाद जिले की जालंगी विधानसभा सीट से वरिष्ठ विधायक अब्दुर रज्जाक मंडल ने गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया। उनके इस फैसले से चुनावी माहौल में सरगर्मी बढ़ गई है। अब्दुर रज्जाक मंडल ने जालंगी के कांटाबाड़ी स्थित अपने कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। इस दौरान उन्होंने एलान किया वे अब टीएमसी के साथ नहीं रहेंगे। उन्होंने रानीनगर से टीएमसी उम्मीदवार सौमिक हुसैन पर निशाना साधा। रज्जाक ने आरोप लगाया कि पार्टी के भीतर उनके खिलाफ साजिश रची गई। इसी वजह से उन्हें इस बार जालंगी सीट से चुनाव लड़ने का टिकट नहीं दिया गया। रज्जाक ने दावा किया कि सौमिक हुसैन डोमकल सब–डिवीजन में अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसी वर्चस्व की लड़ाई के कारण उनका टिकट काटा गया। पूर्व विधायक ने भविष्यवाणी की कि इस बार डोमकल सब–डिवीजन की तीनों सीटों पर तृणमूल कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने चुनाव में बाहरी उम्मीदवारों को उतारने के फैसले की भी कड़ी आलोचना की। रज्जाक का कहना है कि उन्हें टिकट न मिलने का दुख नहीं है, बल्कि वे अभिषेक बनर्जी की टिप्पणियों से आहत हैं। रज्जाक के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी ने एक सभा में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों का जिक्र किया था। रज्जाक मंडल ने कहा कि वे पिछले 43 वर्षों से राजनीति में हैं और उनकी छवि साफ रही है। बिना किसी चर्चा के उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाना गलत है। उन्होंने सवाल किया कि ये आरोप किसने लगाए और इसकी जांच क्यों नहीं की गई। इसी अपमान के कारण उन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि वे अब एक आम नागरिक की तरह रहना चाहते हैं।



मतदान से पहले गुरुवार को तिलजला इलाके में एक मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त डी.पी. सिंह और चुनाव अधिकारी स्मिता पांडे मतदाताओं से बातचीत करते हुए

# प्रिसाइडिंग ऑफिसर नियुक्ति पर हाईकोर्ट सख्त, चुनाव आयोग से जवाब तलब



**कोलकाता :** प्रिसाइडिंग ऑफिसर के रूप में कॉलेज के अध्यापकों की नियुक्ति को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान आयोग से पूछा कि आखिर किस आधार पर अध्यापकों को इस जिम्मेदारी में लगाया गया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अदालत ने मामले की सुनवाई शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी और आयोग के वकील से संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा।

आयोग की ओर से दलील दी गई कि 23 जिलों में आवश्यकता के आधार पर यह नियुक्ति की गई है और पूर्व चुनावों में भी ऐसा किया गया था। वहीं शिक्षकों की ओर से वरिष्ठ वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने तर्क दिया कि ग्रुप–डी कर्मियों को रिजर्व रखते हुए इस तरह प्रोफेसरों की नियुक्ति नियमों के खिलाफ है।

शिक्षक संगठनों ने आरोप लगाया है कि आयोग ने 2010 की अपनी ही गाइडलाइन का उल्लंघन किया है, जिसके बाद इस मुद्दे पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है।

### भारी मात्रा में नकदी समेत करीब 417 करोड़ के अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं जब्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने राज्य में चुनाव तैयारियों की समीक्षा तेज कर दी है और वरिष्ठ अधिकारी राज्यभर के जिलों का दौरा कर शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि 15 मार्च को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने के बाद से प्रवर्तन एजेंसियों ने नकदी समेत अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं जब्त की है, जिनकी कुल कीमत 416 करोड़ रुपये से अधिक है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अनुसार, अब तक राज्य भर में प्रवर्तन एजेंसियों ने नकदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातुओं और अन्य प्रलोभन सामग्री सहित कुल 416.93 करोड़ रुपये की जब्ती की है। अधिकारियों ने बताया कि जब्त सामग्री में 19.73 करोड़ रुपये नकद, 78.40 करोड़ रुपये की शराब और 95.75 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और अन्य वस्तुएं शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि सीआईएसएफ, बीएसएफ, राज्य पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अंतरराज्यीय सीमा चौकियों पर कई बड़ी बरामदगियां की हैं। पुलिस ने 327 अवैध हथियार, 539 कारतूस और 1,100 से अधिक देसी बम जब्त किए हैं, जबकि 41,500 से अधिक लाइसेंसी आग्नेयास्त्र अधिकारियों के पास जमा कराए गए हैं।

# भाजपा का 'युवाशक्ति भरोसा' कार्ड जारी, बेरोजगार युवाओं को 3000 भत्ता देने का वादा

**कोलकाता, समाज्ञा**

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपना एक और मास्टरस्ट्रोक खेलते हुए 'युवाशक्ति भरोसा' कार्ड लॉन्च किया है। इसके माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये मासिक भत्ता देने का वादा किया गया है। गुरुवार को दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लियेंडर पेस और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज विजेंद्र सिंह की उपस्थिति में यह कार्ड जारी किया गया। यहां बताते चलें कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव से पहले दसवीं पास युवाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह पांच वर्ष रोजगार मिलने तक भत्ता देना शुरू किया है। उसी के जवाब में भाजपा ने युवाओं को भरोसा दिलाने के लिए यह कार्ड जारी किया



है जो घर–घर पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर लियेंडर पेस ने कहा कि बंगाल से उद्योगों और युवाओं का पलायन चिंताजनक है। कोलकाता जैसे महानगर को चुंबक की तरह होना चाहिए जो लोगों को आकर्षित करे, लेकिन यहां से प्रतिभा बाहर जा रही है। वहीं विजेंद्र सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि बंगाल के लोग 'बासी मछली' और 'बासी सरकार' पसंद नहीं करते, इसलिए अब बदलाव का समय है।

# तृणमूल ने स्मृति ईरानी और शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ चुनाव आयोग में की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को चुनाव आयोग में स्मृति ईरानी, शुभेंदु अधिकारी और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इन पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने, भ्रष्ट आचरण में लिप्त होने और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत अपराध करने का आरोप है। तृणमूल कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल को एक पत्र लिखकर कहा कि हम आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहते हैं कि 15 अप्रैल को शुभेंदु अधिकारी, स्मृति ईरानी और भाजपा के अन्य नेताओं, सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने एक नई योजना की घोषणा की है, जिसका नाम 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' है। इस योजना के तहत वे कार्डधारकों के खातों में सीधे तौर पर हर महीने तीन हजार रुपए देने का वादा कर रहे हैं। वे विभिन्न स्थानों पर इस नई शुरू की गई योजना के फॉर्म भी वितरित कर रहे हैं। टीएमसी ने पत्र में लिखा कि इस तरह के कार्य आचार संहिता और भारतीय चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित नियमों और विनियमों का गंभीर उल्लंघन हैं। इस तरह की घोषणा की आड़ में महिला लाभार्थियों को उस फॉर्म को भरने और जमा करने के लिए दिया जा रहा है, जिसके बाद उन्हें आर्थिक लाभ (पैसे) दिए जा रहे हैं, चाहे वह सीधे बैंक ट्रांसफर के माध्यम से हों या नगद रूप में। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि इस तरह के वितरण की प्रकृति, समय और तरीका स्पष्ट रूप से यह संकेत देते हैं कि यह कोई अलग–थलग या परोपकारी कार्य नहीं है, बल्कि चुनावी दौर के करीब की गई एक सोची–समझी और समन्वित गतिविधि है, जिसका स्पष्ट उद्देश्य मतदाताओं को किसी विशेष राजनीतिक दल के पक्ष में प्रभावित करना है। टीएमसी का कहना है कि ऐसे कार्य 'भ्रष्ट आचरण' की श्रेणी में आते हैं और इन पर दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। तृणमूल कांग्रेस ने पत्र में चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह एमसीसी के उल्लंघनों के लिए शुभेंदु अधिकारी, स्मृति ईरानी और भाजपा के अन्य नेताओं, सदस्यों और कार्यकर्ताओं को 'कारण बताओ नोटिस' जारी करें।

### तृणमूल ने निर्मला सीतारमण पर लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

#### चुनाव आयोग को लिखा पत्र

**तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। पत्र में टीएमसी ने आरोप लगाया है कि 15 अप्रैल को चुनाव प्रचार के दौरान सीतारमण ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए आचार संहिता का उल्लंघन किया। टीएमसी के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री ने अपने दौरे के दौरान सरकारी हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया और श्रीरामपुर तथा कालना के आश्रम पारा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय बुनकरों से मुलाकात की और उन्हें वीवर कार्ड वितरित किए, जो केंद्र सरकार की एक योजना का हिस्सा है। पार्टी का आरोप है कि इस सरकारी कार्यक्रम को जानबूझकर चुनावी समय के साथ जोड़ा गया और इसे भाजपा के प्रचार के मंच के रूप में इस्तेमाल किया गया। टीएमसी ने यह भी कहा कि कार्यक्रम के दौरान सीतारमण ने राज्य की सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ टिप्पणी की और मतदाताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभ को भाजपा के समर्थन से जोड़ने की कोशिश की। टीएमसी ने इसे चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) का स्पष्ट उल्लंघन बताते हुए कहा कि सरकारी कार्य और चुनाव प्रचार को मिलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। साथ ही, मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन देना भी नियमों के खिलाफ है। पत्र में यह भी कहा गया है कि यह मामला जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत 'भ्रष्ट आचरण' की श्रेणी में आता है और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 174 के तहत अपराध बनता है। टीएमसी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि वे सीतारमण और भाजपा को नोटिस जारी करें, मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करें और निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।**

### तृणमूल ने हुमायूं कबीर पर लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप, आयोग से की कार्रवाई की मांग

तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को पूर्व विधायक हुमायूं कबीर के खिलाफ चुनाव आयोग का रुख किया है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अपनी अलग राजनीतिक पार्टी बना चुके हुमायूं कबीर ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। तृणमूल कांग्रेस ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को भेजे गए ई–मेल में हुमायूं कबीर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक और व्यक्तिगत टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। शिकायत के साथ एक प्रेसवार्ता का वीडियो भी संलग्न किया गया है, जिसमें कबीर कथित रूप से ऐसे बयान देते हुए सुनाई दे रहे हैं। इन टिप्पणियों में पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी का नाम भी शामिल है। पार्टी ने अपनी शिकायत में कहा है कि इस तरह की बयानबाजी आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। नियमों के तहत किसी भी उम्मीदवार को किसी व्यक्ति के निजी जीवन पर हमला करने या अशोभनीय एवं नैतिकता के विरुद्ध टिप्पणी करने की अनुमति नहीं है। तृणमूल ने यह भी दावा किया है कि हुमायूं कबीर के बयान भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 356, 351 और 174 का भी उल्लंघन करते हैं। पार्टी ने चुनाव आयोग से हुमायूं कबीर को कारण बताओ नोटिस जारी करने, संबंधित एजेंसी को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने तथा कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में अधिकारियों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका की खारिज

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच अविश्वास को उजागर करते हुए उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को चुनाव निकाय द्वारा राज्य में 1,000 से अधिक प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के तबादलों को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि, इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न को भविष्य में विचार के लिए खुला रखा कि क्या निर्वाचन आयोग (ईसी) को चुनाव वाले राज्यों में प्रशासनिक परिवर्तन करने से पहले संबंधित राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि अखिल भारतीय सेवाओं के निर्माण का उद्देश्य विफल हो रहा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद में न्यायालय को न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करनी पड़ी क्योंकि पक्षों के बीच विश्वास की कमी थी। पीठ ने कहा कि उन्हें राज्य सरकार के अधिकारियों पर भरोसा नहीं है और राज्य को उनके द्वारा (चुनाव आयोग द्वारा) लाए गए अधिकारियों पर भरोसा नहीं है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अर्का कुमार नाग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि पहली बार किसी राज्य के मुख्य सचिव का इस तरह से तबादला किया गया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद पश्चिम बंगाल में लगभग 1,100 अधिकारियों का 'रातोंरात' तबादला कर दिया गया। पीठ ने टिप्पणी की कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है या ऐसा सिर्फ इसी राज्य में नहीं हुआ है। बनर्जी ने तर्क दिया कि निर्वाचन आयोग को इस तरह के तबादलों को प्रभावी करने से पहले राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश ने पूछा कि जिन अधिकारियों का तबादला या पदस्थापन हुआ है, वे सभी पश्चिम बंगाल कैडर के हैं। ऐसा नहीं है कि अन्य राज्यों के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। ये सभी पश्चिम बंगाल राज्य के सेवारत अधिकारी हैं। चाहे वे 'ए' पद पर हों या 'बी' पद पर, इससे क्या फर्क पड़ता है? बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में मुख्य सचिव, डीजीपी और कई पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को बदल दिया है। बनर्जी ने कहा कि याचिकाकर्ता यह तर्क नहीं दे रहा है कि न्यायालय को अधिकारियों के तबादलों पर रोक लगानी चाहिए, बल्कि उसने इस मामले में कानून का एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है। पीठ ने कहा कि हम उचित मामले में इस पर निर्णय लेंगे। हम कानून के प्रश्न को खुला रखेंगे। प्रधान न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि यह इस देश का दुर्भाग्य है कि अखिल भारतीय सेवाओं के निर्माण का उद्देश्य विफल हो रहा है। पीठ ने यह भी कहा कि राज्य के बाहर से चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कोई नयी बात नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमें पश्चिम बंगाल के चुनावों को ध्यान में नहीं रखना चाहिए। राज्य के बाहर से पर्यवेक्षक की नियुक्ति हमेशा आदर्श होती है। न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की कि चुनावी मुकदमों के लिए पश्चिम बंगाल के चुनाव एक सुनहरा अवसर साबित हुए हैं। पीठ ने विधि के प्रश्न को खुला रखते हुए याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

# हिंगलगंज में बीएसएफ कैंप में लगी भीषण आग, एक जवान शहीद

## ईंधन भरते समय आग लगने की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना के हिंगलगंज इलाके में बीएसएफ के एक कैंप में आग लगने से एक जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान एएसआई जगी राम के रूप में हुई है। वह सूत्रों के अनुसार, यह हादसा गुरुवार की सुबह हिंगलगंज के बांकरा स्थित बीएसएफ की 77वीं बटालियन के कैंप में हुआ। बताया जा रहा है कि ज्योति राम सिंह कैंप के उस कमरे में गए थे, जहां ईंधन (फ्यूल) का भंडारण किया जाता है। इसी दौरान स्पीडबोट में तेल भरते समय अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैल गई कि वह बाहर निकलने का मौका नहीं पा सके और कमरे के अंदर ही फंस गए। गंभीर रूप से झुलसने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि किसी के लिए अंदर जाना संभव नहीं हो सका। सूचना मिलते ही हासनाबाद थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। बीएसएफ जवानों, पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर पानी से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। बाद में, दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इसके बाद, ज्योति राम सिंह को बाहर निकालकर बशीरहाट अस्प-ताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हिंगलगंज थाने के प्रभारी संदीप दास ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बीएसएफ कैंप में आग लगने की घटना में एक एएसआई की मौत हुई है। प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि यह हादसा शार्ट सर्किट या ईंधन से जुड़ी लापरवाही के कारण हुआ हो सकता है। हालांकि, आग लगने के सही कारणों की जांच जारी है।

### चुनाव से पहले टीएमसी उम्मीदवार कृष्ण कल्याणी के खाते से 24 लाख रुपये गायब

**कोलकाता :** राज्य में पहले चरण के मतदान से ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार कृष्ण कल्याणी साइबर ठगी का शिकार हो गए। उनके बैंक खाते से कथित तौर पर लगभग 24 लाख 45 हजार रुपये ऑनलाइन धोखाधड़ी के जरिए निकाल लिए गए।घटना के सामने आते ही रायगंज क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कृष्ण कल्याणी ने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि चुनाव से पहले उन्हें निशाना बनाया गया है। उन्होंने इस मामले में कर्णजोड़ा साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और साइबर फ्रॉड के इस मामले में तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। चुनावी माहौल के बीच इस घटना ने राजनीतिक हलकों में भी हलचल पैदा कर दी है।

## बारुईपुर में प्रेमिका का गला रेतकर हत्या, शव जलाशय में फेंका

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में प्रेम संबंध में तनाव के चलते एक दिल दहला देने वाली हत्या का मामला सामने आया है, जहां प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को घर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद ब्लेड से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को बोरे में भरकर जलाशय में फेंक दिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी प्रेमी और उसके बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, रायदीघी निवासी रुकसाना खातून की पहचान मिस्ड कॉल के जरिए मेहराज हुसैन से हुई थी। मेहराज पहले से शादीशुदा था और उसके बच्चे भी हैं, लेकिन उसने यह बात रुकसाना से छिपाई थी। वह बारुईपुर के पद्मपुकुर इलाके में अपने भाई मेहेबूब हुसैन के साथ किराए के घर में रहता था। रविवार को घर खाली मिलने पर मेहराज ने रुकसाना को बुलाया, जहां दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। इसके बाद शादी और पैसों के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गया।

पुलिस ने बताया कि इसी दौरान मेहराज ने अपने पर्स में रखे ब्लेड से रुकसाना का गला काटकर हत्या कर दी। बाद में शव को बोरे में भरकर घर में रखा गया और रात में भाई की मदद से कार से धोपा गाछी इलाके के एक जलाशय में फेंक दिया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव बरामद किया और जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मोथाबारी हिंसा मामले में एनआईए ने 12 आरोपियों की मांगी हिरासत

- **49 आरोपियों की कोर्ट में पेशी, 37 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया**
- **मुख्य आरोपी मोफक्करुल इस्लाम ने जमानत याचिका दाखिल की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मालदह जिले के मोथाबारी में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे जजों को परेशान करने के मामले में गिरफ्तार 49 आरोपियों में से 12 की हिरासत मांगी है। बाकी 37 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार मोफक्करुल इस्लाम के वकील ने जमानत याचिका दाखिल की है। दरअसल, मोथाबारी मामले की सुनवाई गुरुवार को कोलकाता सिटी सेशंस कोर्ट में हुई। अब तक इस घटना में कुल 52 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिनमें से 49 को गुरुवार को केस में शामिल किया गया। मोफक्करुल के वकील ने आरोप लगाया कि उनके मुवक्किल को 'बलि का बकरा' बनाया जा रहा है और इस पूरे मामले के पीछे बड़ी साजिश है। हालांकि, एनआईए ने कहा कि जांच अभी शुरुआती चरण में है, इसलिए जांच के हित में सभी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती। वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पारदर्शिता के लिए एनआईए जांच का आदेश दिया है। उन्होंने दावा किया कि मोफक्करुल ने सरकारी सहयोग करते हुए भीड़ को हटाने की कोशिश की थी और उनके शामिल होने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मोफक्करुल सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं और उन्हें पहचानने के बाद लोगों ने उनसे भीड़ हटाने की अपील की थी। वकील ने यह भी कहा कि पुलिस ने भी उनसे सहयोग मांगा था और उम्मीद जताई कि अदालत उन्हें जमानत देगी। एनआईए के वकील ने अदालत में कहा कि आरोपी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से घटना में शामिल हैं। उन्होंने दोहराया कि जांच अभी शुरुआती चरण में है, इसलिए सभी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती।

## हड़ताल में शामिल सरकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं, हाई कोर्ट का निर्देश



**कोलकाता :** बकाया महंगाई भत्ता (डीए) को लेकर 13 मार्च को हुई हड़ताल में शामिल सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश कोलकाता हाईकोर्ट ने दिया है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने गुरुवार को यह आदेश देते हुए राज्य के वित्त विभाग को स्पष्ट निर्देश जारी किया।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील विक्रम बंद्योपाध्याय ने अदालत को बताया कि 12 मार्च को राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया था कि बिना वैध कारण हड़ताल में शामिल होने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दलील दी कि सेवा नियमों के तहत कर्मचारियों को हड़ताल का अधिकार है, इसलिए यह अधिसूचना अवैध है।

अदालत ने निर्देश दिया कि 13 मार्च की हड़ताल में शामिल किसी भी कर्मचारी के खिलाफ कोई दंडात्मक या जबरन कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही, संयुक्त संग्रामी मंच की याचिका पर सभी पक्षों को 6 सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया गया है।

## नदिया में हेरोइन के साथ लाखों रुपये बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**नदिया :** जिले के नवद्वीप थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन और भारी मात्रा में नकदी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नंदन राय उर्फ मनोतोष के रूप में हुई है, जो नवद्वीप नगर पालिका के विवेकानंद कॉलोनी का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार दोपहर गुप्त सूचना के आधार पर नवद्वीप थाना प्रभारी वरुण गायेन् के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के दक्षिणी हिस्से स्थित विवेकानंद कॉलोनी में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 29 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक बैग भी बरामद किया, जिसमें मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 2 लाख 87 हजार रुपये नकद पाए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को उसे कृष्णानगर की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस हिरासत की मांग की जाएगी। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी हेरोइन कहां से लाया और इस तस्करी के नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं। वहीं, एक अन्य कार्रवाई में राज्य सीआईडी ने ओडिशा से करिमपुर (नदिया) की ओर ले जाए जा रहे एक ट्रक को हुगली के चंदननगर स्थित दिल्ली रोड पर रोककर 132 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

## जटिल व्हिपल सर्जरी कर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल

**कोलकाता :** जटिल चिकित्सा परिस्थितियों और अत्यधिक सर्जिकल जोखिम के बावजूद, डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम ने 50 वर्षीय अग्न्याशय (पैंक्रियाटिक) कैंसर मरीज पर सफलतापूर्वक व्हिपल सर्जरी (पैंक्रियाटोडुओडेनक्टॉमी) कर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मरीज को लगभग दो वर्ष पूर्व पीलिया की शिकायत के बाद अग्न्याशय में ट्यूमर का पता चला था। उस समय बाइल डक्ट में रुकावट को दूर करने के लिए ईआरसीपी (एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोलांजियोपैंक्रियाटोग्राफी) प्रक्रिया के तहत स्टेंट डाला गया था। प्रारंभिक बायोप्सी में कैंसर की पुष्टि नहीं हुई थी। हालांकि, चिकित्सकों ने सर्जरी की सलाह दी थी, लेकिन मरीज ने उपचार आगे नहीं बढ़ाया और फॉलो-अप से बाहर हो गया। हाल ही में मरीज दोबारा पीलिया और पित्त नली में अवरोध की समस्या के साथ अस्पताल लौटा। पुनः जांच और बायोप्सी में इस बार अग्न्याशय कैंसर की पुष्टि हुई। मेडिकल मूल्यांकन के दौरान यह भी सामने आया कि मरीज का अतीत में एक गंभीर सड़क दुर्घटना हुई थी, जिसके बाद आपातकालीन सर्जरी में उसकी लगभग 75% छोटी आंत और आधी बड़ी आंत को निकालना पड़ा था। इसके अलावा, मरीज में एल्ब्यूमिन का स्तर भी अत्यंत कम था, जो खराब पोषण स्थिति और उच्च सर्जिकल जोखिम का संकेत था। सर्जरी से पूर्व मरीज की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए उसे गहन पोषण संबंधी उपचार दिया गया।

## बड़ाबाज़ार के फूल मार्केट के पास आग, दमकल की पांच गाड़ियों ने पाया काबू

**कोलकाता :** महानगर के बड़ाबाज़ार इलाके में गुरुवार की रात आग लगने से हड़कंप मच गया। यह घटना नार्थ पोर्ट थाना क्षेत्र के अंतर्गत फूल मार्केट के पास स्थित चूड़ा मार्केट में रात करीब 8:45 बजे हुई। आग लगते ही पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के दुकानदारों व स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग तेजी से फैलने लगी, जिससे बाजार में मौजूद कई दुकानों को नुकसान पहुंचने की आशंका पैदा हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के लिए कुल पांच दमकल इंजन तैनात किए गए, जिन्होंने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

दमकल कर्मियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को आसपास की अन्य दुकानों और गोदामों तक फैलने से रोक दिया, जिससे बड़े हादसे की संभावना टल गई। हालांकि, आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शॉर्ट सर्किट या ज्वलनशील सामग्री के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पूरे क्षेत्र को घेरकर स्थिति को नियंत्रित किया। राहत और बचाव कार्य के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थानों पर हटाया गया।

इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन कुछ दुकानों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। इस पुरे घटनाक्रम के दौरान ब्रेबर्न रोड पर कुछ घंटों के लिए जाम की स्थिति रही, जिसे बाद में कोलकाता ट्रैफिक पुलिस ने संभाला।

### आईपीएल 2026 में उभरीं युवा निडर प्रतिभाएं

**कोलकाता :** टाटा आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों में कई युवा खिलाड़ियों ने बेखौफ प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरी हैं। वैभव सूर्यवंशी ने सात मैचों में 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाकर तेज शतक जड़ा। समीर रिज़वी ने मध्यक्रम में लगातार मैच जिताऊ पारियां खेलकर टीम में जगह पक्की की। अंगकृष रघुवंशी ने शीर्ष क्रम में अर्धशतकों के साथ विकेटकीपिंग में भी योगदान दिया। प्रिंस यादव ने अहम मौकों पर विकेट लेकर प्रभाव छोड़ा, जबकि हर्ष दुबे ने पावरप्ले में किफायती गेंदबाज़ी के साथ उपयोगी रन भी बनाए। विशेषज्ञों अनिल कुंबले, सबा करीम, संजय बांगर, मोहम्मद कैफ, उमेश यादव और पियूष चावला ने कहा कि इन युवाओं का आत्मविश्वास और प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के मजबूत भविष्य का संकेत है।

### एलईडी सुविधा वाला देश का पहला सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च

**कोलकाता :** चेक तथा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की साझेदारी में नया क्रेडिट कार्ड पेश किया गया। यह देश का पहला सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसमें एलईडी आधारित स्पर्श भुगतान प्रणाली दी गई है। भुगतान करते समय प्रत्येक स्पर्श पर कार्ड में लगी एलईडी बिना बैटरी के एनएफसी तकनीक से ऊर्जा लेकर जल उठती है और तुरंत दृश्य संकेत देती है, जिससे लेन-देन अधिक स्पष्ट और आधुनिक बनता है। चेक के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आदित्य सोनी ने कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं के व्यवहार और जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई है। वहीं संजय अग्रवाल ने इसे ग्राहक-केंद्रित नवाचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## डीपीएस डोमजूर का कक्षा 10 में शानदार रिजल्ट, छात्रों ने किया कमाल




**हावड़ा :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित दिल्ली पब्लिक स्कूल, डोमजूर (हावड़ा) के कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए, जिसमें छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। स्कूल की छात्रा संस्कृति राय ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शुभम कोले और गरिमा सुराना ने 99 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर प्राप्ति खड़ना, श्रेतांशु मुखर्जी और निर्मलता मंडल ने 99.8 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया। परिणामों के अनुसार, 57 प्रतिशत छात्रों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 96 प्रतिशत छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इसके अलावा, सभी छात्रों ने 74 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित की। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

## पूर्व रेलवे ने 173 साल की विरासत के साथ स्वच्छता अभियान को दी नई दिशा



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे के 173वें स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व रेलवे ने पारंपरिक आयोजनों से आगे बढ़ते हुए स्वच्छता को केंद्र में रखकर जोन-व्यापी अभियान चलाया। 1853 में बोरीबंदर से ठाणे तक पहली ट्रेन के ऐतिहासिक सफर की याद के बीच, इस बार 'स्वच्छता जागरूकता अभियान' के तहत कोच और ट्रैक की सफाई पर विशेष जोर दिया गया।

पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर ने कहा, हम अपने गौरवशाली इतिहास का सम्मान करते हुए यात्रियों को स्वच्छ और बेहतर यात्रा अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य का संकल्प है। अभियान के तहत महाप्रबंधक ने हावड़ा स्टेशन का दौरा कर यात्रियों से सीधे संवाद किया और फीडबैक लिया। उन्होंने यात्रियों को ट्रैक और कोच में कचरा न फैलाने, डस्टबिन का उपयोग करने तथा ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग स्टाफ की सेवाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। साथ ही शौचालय के उपयोग के बाद फ्लश करने और बायो-टॉयलेट में कचरा न डालने के प्रति जागरूक किया।

इस पहल में एजीएम, पीएचओडी, एचओडी, मंडल रेल प्रबंधक, एडीआरएम और अन्य अधिकारी सक्रिय रहे। सियालदह, हावड़ा, मालदह और आसनसोल समेत पूरे नेटवर्क में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, सिविल डिफेंस, आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों ने भी अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें यात्रियों की भागीदारी बेहद जरूरी है।

### हंसी से पहचान तक: बंगाल के प्रिय क्रिएटर बने अंजलि ज्वेलर्स के मेंस कलेक्शन का चेहरा



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल के लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर निरंजन मंडल को अंजलि ज्वेलर्स के मेंस कलेक्शन का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वह राज्य के पहले पुरुष कंटेंट क्रिएटर बन गए हैं, जो इस प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह कदम पारंपरिक ज्वेलरी उद्योग में बदलती सोच और नई पीढ़ी के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। निरंजन मंडल अपनी विशिष्ट शैली और बंगाली संस्कृति से जुड़े कंटेंट के लिए जाने जाते हैं। उनके वीडियो में रोजमर्रा की जिंदगी, हास्य और भावनात्मक जुड़ाव का संतुलित मिश्रण देखने को मिलता है, जिसने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई है। इस अवसर पर निरंजन मंडल ने कहा, अंजलि ज्वेलर्स जैसे ब्रांड के साथ जुड़ना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक ऐसा नाम है जो शादियों, पूजा और पारिवारिक आयोजनों से गहराई से जुड़ा है। मैं चाहता हूं कि पुरुष ज्वेलरी को केवल एक्सेसरी नहीं, बल्कि अपनी पहचान और अभिव्यक्ति के रूप में अपनाएं। कंपनी के निदेशक अन्नार्घा उत्तिया चौधरी ने इस साझेदारी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा, यह सहयोग केवल एक ब्रांड एंडोर्समेंट नहीं, बल्कि बदलते समय का प्रतिबिंब है। आज जेन जी और अल्फा पीढ़ी ज्वेलरी को नए नजरिए से देख रही है-यह केवल आभूषण नहीं, बल्कि पहचान, आत्म-अभिव्यक्ति और व्यक्तिगत शैली का माध्यम बन चुका है।

## जेआईएस ग्रुप की बड़ी पहल: बंगाल में पहली डीजीसीए-अनुमोदित यूनिवर्सिटी ड्रोन अकादमी की शुरुआत



कोलकाता, समाज्ञा : पश्चिम बंगाल में ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जेआईएस ग्रुप ने राज्य की पहली और सबसे बड़ी विश्वविद्यालय-आधारित डीजीसीए-अनुमोदित जेआईएस ड्रोन अकादमी का शुभारंभ किया है। दमदम स्थित सर्टेक कैंपस में स्थापित यह केंद्र रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (आरपीटीओ) के साथ युएवी इकोसिस्टम को विकसित करने पर केंद्रित है।

अकादमी का उद्घाटन जेआईएस ग्रुप के निदेशक सरदार सिमरप्रीत सिंह की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, कोलकाता के पूर्वी क्षेत्र की जनरल मैनेजर (एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट) महुआ बी. अधिकारी, जॉइंट जनरल मैनेजर सुमन चंद्र हलदर और गौतम रॉय, सी-डीएसी, भारत सरकार के टीम लीड संगम कुमार चतुर्वेदी, पश्चिम बंगाल सरकार की तकनीकी शिक्षा निदेशक अनिंदिता गांगुली तथा नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के रीजनल हेड (पूर्व) विक्रम कुमार दास उपस्थित रहे।

यह अकादमी डीजीसीए मानकों के अनुरूप माइक्रो और स्मॉल श्रेणी के ड्रोन के लिए रिमोट पायलट सर्टिफिकेट कार्यक्रम संचालित करेगी। यहां अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रोफेशनल ड्रोन और एडवांस सिमुलेशन सिस्टम के जरिए हाइब्रिड ट्रेनिंग दी जाएगी। एडुरेड और मेघ रोबॉटिक्स के सहयोग से छात्रों को उद्योग से जुड़ने का अवसर मिलेगा। अकादमी में ड्रोन सर्वे, मैपिंग, रिपेयर, फॉरेंसिक, डिजाइन, जीआईएस और एयरोमॉडलिंग जैसे कोर्स शामिल हैं, जो कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, आपदा प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स और मीडिया क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। इस मौके पर सरदार सिमरप्रीत सिंह ने कहा कि यह पहल युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने और राज्य में युएवी सेक्टर को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## हावड़ा में आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, 72 लाख से अधिक नकदी के साथ दो गिरफ्तार




**हावड़ा, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हावड़ा में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध व्यक्तियों को 72 लाख रुपये से अधिक नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हावड़ा डिवीजन के अंतर्गत बामनगाछी आरपीएफ पोस्ट की टीम द्वारा की गई। आरपीएफ सूत्रों के अनुसार, 15 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 07:15 बजे नियमित जांच के दौरान बामनगाछी यार्ड के बनारस ब्रिज के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। पूछताछ में उनकी पहचान आशीष सेठ (39) और सुमित वर्मा (23) के रूप में हुई, जो उत्तर प्रदेश के वाराणसी के निवासी हैं।

तलाशी के दौरान उनके पास से 32,03,900 रुपये भारतीय मुद्रा और 43,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 40,02,440 रुपये) बरामद किए गए। इस प्रकार कुल जब्त राशि 72,06,340 रुपये आंकी गई है। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि दोनों संदिग्ध ट्रेन संख्या 12334 डाउन विभूति एक्सप्रेस से संदिग्ध परिस्थितियों में उतरते हुए देखे गए थे, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर जांच की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयकर विभाग, अलीपुर को सूचित कर दिया गया है और आगे की जांच संबंधित विभाग द्वारा की जा रही है।

# उत्तरपाड़ा में सियासी उलटफेर: तृणमूल के पूर्व पंचायत प्रधान अच्छेलाल यादव भाजपा में शामिल, मुकाबला हुआ और दिलचस्प

**हुगली :** पश्चिम बंगाल की सियासत में उत्तरपाड़ा विधानसभा सीट पर बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता और कनाईपुर पंचायत के पूर्व प्रधान अच्छेलाल यादव ने आखिरकार भाजपा का दामन थाम लिया। उनके इस फैसले से क्षेत्र की राजनीतिक तस्वीर में नया मोड़ आ गया है। अच्छेलाल यादव आज समर्थकों के बड़े काफिले के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए भाजपा के राज्य कार्यालय पहुंचे और औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। फिल्मी अंदाज में हुई उनकी एंट्री ने साफ संकेत दे दिया कि वह अब पूरी ताकत के साथ



नए राजनीतिक सफर की शुरुआत कर रहे हैं।

दरअसल, श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी के साथ लंबे समय से चल रही अनबन के चलते अच्छेलाल यादव ने तृणमूल से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी कि उन्हें उत्तरपाड़ा से भाजपा का टिकट मिल सकता है, लेकिन पार्टी ने पूर्व एनएसजी कमांडो दीपांजन चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाकर इन अटकलों पर विराम लगा दिया।

इसके बाद अच्छेलाल यादव ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया, जिससे भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगने की आशंका बढ़ गई थी। हालांकि, नामांकन वापसी के अंतिम दिन उन्होंने अपना पर्चा वापस लेकर सभी को चौंका दिया। खुद यादव ने स्वीकार किया कि उनका उद्देश्य विपक्षी दल को फायदा पहुंचाना नहीं था, इसलिए उन्होंने यह फैसला लिया। अच्छेलाल यादव न केवल एक प्रभावशाली हिंदीभाषी नेता हैं, बल्कि उत्तरपाड़ा कोतरंग नगरपालिका के चेयरमैन दिलीप यादव के बड़े भाई भी हैं। वह उत्तरपाड़ा-श्रीरामपुर पंचायत समिति के उपाध्यक्ष और तृणमूल जिला कमेटी के सक्रिय सदस्य रह चुके हैं, जिससे क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है।

गौरतलब है कि उत्तरपाड़ा से तृणमूल उम्मीदवार शीर्षेन्य बंद्योपाध्याय, सांसद कल्याण बनर्जी के पुत्र हैं। अच्छेलाल यादव और कल्याण बनर्जी के बीच पुरानी खटास किसी से छिपी नहीं है। पिछले चुनाव से पहले दोनों के बीच तीखी नोकझोंक का वीडियो भी वायरल हुआ था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तृणमूल द्वारा कल्याण बनर्जी के पुत्र को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद अच्छेलाल यादव ने खुलकर विरोध का रास्ता अपनाया और अब भाजपा में शामिल होकर वह इस लड़ाई को नई दिशा देंगे।

उत्तरपाड़ा विधानसभा सीट पर इस बार मुकाबला बेहद कड़ा और रोमांचक होने जा रहा है। यहां तृणमूल, भाजपा और सीपीएम के बीच त्रिकोणीय संघर्ष की पूरी संभावना है। ऐसे में अच्छेलाल यादव का भाजपा में शामिल होना पार्टी के लिए मजबूती का संकेत माना जा रहा है। अब सबकी नजरें 4 मई को आने वाले चुनाव परिणामों पर टिकी हैं, जो तय करेंगे कि यह सियासी दांव भाजपा के लिए कितना कारगर साबित होता है।

## तूफानगंज में चुनाव ड्यूटी पर आए 28 केंद्रीय जवान फूड पॉयजनिंग के शिकार

**कूचबिहार :** चुनाव ड्यूटी संभालने आए केंद्रीय बल के 28 जवान फूड पॉयजनिंग का शिकार हो गए। घटना बुधवार को तूफानगंज-2 ब्लॉक के तल्लीगुड़ी हाई स्कूल में हुई, जहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवान ठहरे हुए थे। मिली जानकारी के मुताबिक, जवान स्कूल में ही रहकर खाना-पीना कर रहे थे। बुधवार को अचानक एक-एक कर कई जवान बीमार पड़ने लगे। उन्हें तुरंत तूफानगंज महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों का प्राथमिक अनुमान है कि भोजन या पीने के पानी में गड़बड़ी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। कई जवानों में तेज बुखार, पेट दर्द और उल्टी जैसे लक्षण देखे गए। 28 में से 14 जवानों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है, जबकि बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। इस घटना के बाद केंद्रीय बलों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे भोजन और पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, इस मामले पर केंद्रीय बल के किसी अधिकारी ने फिलहाल कोई बयान नहीं दिया है।

तूफानगंज के एसडीपीओ कंस्रेधारा मनोज कुमार ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, बीडीओ अजय कुमार दंडपाट ने भी पूरे मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

**CHANGE OF NAME**

I, Smt. Jyotirmayee W/O No. 6495742F, Rank- Hav/ASH, Name- Dillip Kumar Padhi working in Indian Army, presently residing at Village-Ichhapur, P.O-Icchapur, P.S-Athagarh, District- Cuttack, State-Odisha, Pin-754029. Have changed my name from Jyotirmayee to Jyotirmayee Padhi Vide affidavit before the Notary Public Govt of India at Kolkata dated 09.03.2026

## बहरमपुर में रोड शो के दौरान बिगड़ी मिथुन चक्रवर्ती की तबीयत, बीच में ही छोड़ा प्रचार

**मुर्शिदाबाद :** चुनाव प्रचार में जुटे मेगास्टार और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती गुरुवार को मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में रोड शो के दौरान अचानक अस्वस्थ हो गए। वह भाजपा प्रत्याशी सुब्रत मैत्र के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे। भाजपा सूत्रों के अनुसार, भीषण गर्मी और उमस के कारण रोड शो के बीच में ही उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी। गांधी कालोनी सर्किट हाउस से शुरू हुआ यह रोड शो जैसे ही नया बाजार इलाके में पहुंचा, मिथुन चक्रवर्ती को असहज महसूस हुआ। प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें तुरंत आराम के लिए ले जाया गया। इसके बाद, भाजपा उम्मीदवार सुब्रत मैत्र ने मिथुन के बिना ही अपना प्रचार अभियान जारी रखा। बताया जा रहा है कि मिथुन चक्रवर्ती को प्राथमिक उपचार के बाद कोलकाता वापस भेज दिया गया है।

## हाई कोर्ट का बड़ा फैसलाः स्कूल बसों का अधिग्रहण रद्द

❑ साथ ही शुभेंदु अधिकारी की उम्मीदवारी पर याचिका

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले परिवहन व्यवस्था और राजनीतिक बयानबाजी को लेकर दो अहम घटनाक्रम सामने आए हैं। एक ओर जहां कोलकाता हाई कोर्ट ने एक निजी स्कूल की बसों के अधिग्रहण को रद्द कर दिया, वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की उम्मीदवारी को चुनौती देते हुए अदालत में याचिका दायर की गई है। पहले मामले में, चुनावी कार्य के लिए कोलकाता के एक निजी स्कूल की आठ बसों को अधिग्रहित किए जाने के खिलाफ स्कूल प्रशासन ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में दलील दी गई कि चुनाव आयोग के 8 फरवरी 2023 के दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्कूल वाहनों का अधिग्रहण केवल आपात स्थिति में और अंतिम विकल्प के रूप में ही किया जा सकता है। लेकिन इस मामले में ऐसी कोई आपात स्थिति नहीं थी। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिग्रहण के समर्थन में ठोस कारण पेश नहीं किए जा सके। इसके बाद न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने अधिग्रहण को मनमाना और कानूनी प्रक्रिया के विपरीत करार देते हुए आठों बसों के अधिग्रहण को रद्द करने का आदेश दिया। इस फैसले से छात्रों के आवागमन को लेकर बनी अनिश्चितता दूर होने की उम्मीद है। दूसरे मामले में, भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के एक विवादित बयान को लेकर उनकी उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता सौम्य मंडल ने हाई कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया है कि अधिकारी ने गत 3 मार्च को बालीगंज में एक कार्यक्रम के दौरान सेक्युलरिज्म निपात जाए जैसे नारे लगाए, जो संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ और भड़काऊ हैं। याचिका में कहा गया है कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की बुनियादी संरचना का हिस्सा है और इस तरह के बयान लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं। इस मामले की सुनवाई अगले सप्ताह मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की खंडपीठ में होने की संभावना है।

# धमकी-छिनतई मामले में नंदीग्राम के टीएमसी उम्मीदवार पवित्र कर को हाईकोर्ट से राहत

**अदालत ने कहा-पुलिस जांच जारी रख सकती है**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के ठीक पहले नंदीग्राम से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) उम्मीदवार पवित्र कर को धमकी और छिनतई के मामले में बड़ी राहत मिली है। कोलकाता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखोपाध्याय ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान निर्देश दिया कि फिलहाल उनके खिलाफ कोई कड़ा दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस मामले की जांच जारी रख सकती है। यह मामला 7 अप्रैल को दर्ज एक शिकायत से जुड़ा है। कृष्णनगर इलाके के निवासी बुद्धदेव गिरि ने आरोप लगाया था कि 6 अप्रैल को वह अपने घर के पास बैठे



थे, तभी पवित्र कर अपने समर्थकों के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने बुद्धदेव से 'जय बांग्ला' का नारा लगाने को कहा। जब उन्होंने ऐसा करने से इनकार किया, तो उनके साथ मारपीट की गई।

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस दौरान उनके पास से 3,700 रुपये छीन लिए गए। इस घटना के आधार पर नंदीग्राम थाने में पवित्र कर समेत कुल चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

इसके बाद 10 अप्रैल को पवित्र कर ने इस एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने अपने खिलाफ किसी भी तरह की कठोर कार्रवाई से सुरक्षा देने की अपील करते हुए मामले की त्वरित सुनवाई की मांग की थी।

गुरुवार को न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखोपाध्याय की अदालत में मामले की सुनवाई हुई, जहां दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अंतरिम राहत प्रदान की। अदालत के इस फैसले से चुनावी माहौल के बीच सत्तारूढ़ दल के उम्मीदवार को फिलहाल बड़ी राहत मिली है, जबकि मामले की जांच आगे भी

**NAME CHANGE**

I, Mohd Waseem Khan (Old Name) S/o Md Manjur Khan Residing at Sharma Appartment, Flat - 203, 359, Sarat Chatterjee Road, District - Howrah, Pin - 711103, West Bengal, India, have changed my name and shall henceforth be known as Md Wasim Khan (New Name) as declared before the Notary Public Kolkata vide affidavit Dated 13-04-2026. Mohd Waseem Khan (Old Name) and Md Wasim Khan (New Name) both are same and one identical person.

**NAME CHANGE**

I, Manjoor Khan, Md. Manzoor Khan (Old Name) S/o Md Daud Khan Residing at Rasulpur Newada, P.o - Dewaitha, District - Ghazipur, Pin - 232326, Uttar Pradesh, India, have changed my name and shall henceforth be known as Md Manjur Khan (New Name) as declared before the Notary Public Kolkata vide affidavit Dated 13-04-2026. Manjoor Khan, Md. Manzoor Khan (Old Name) and Md Manjur Khan (New Name) both are same and one identical person.

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**ई-नीलामी बिक्री के लिए सूचना**

मेट्रो रेलवे, कोलकाता की रिलीज्ड और स्क्रैप सामग्री के निपटान के लिए ई-नीलामी बिक्री दिनांक 24.04.2026, 20.05.2026 और 17.06.2026 को आयोजित होगी।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

## एमएएसी मैनिफेस्ट कोलकाता 2026 में उद्योग-अकादमिक सहयोग से भारत की क्रिएटिव टैलेंट पाइपलाइन को नई दिशा

**कोलकाता, समाज्ञा**

माया एकेडमी ऑफ एडवांस्ड क्रिएटिविटी (एमएएसी) ने 11 अप्रैल को महाजाति सदन में अपने फ्लैगशिप फोरम 'एमएएसी मैनिफेस्ट 2026' के कोलकाता संस्करण का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 700 से अधिक छात्र, 70 से अधिक कॉलेज प्राचार्य एवं प्रोफेसर तथा 100 से अधिक पूर्व छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में एप्टेक लिमिटेड के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी शौर्य के. चक्रवर्ती और एमएएसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख अमित दुआ की उपस्थिति में 'करियर एक्स' और 'क्रिएटर एक्स' कार्यक्रम का क्षेत्रीय शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों की करियर रेडीनेस और उद्योग-अनुरूप कौशल को मजबूत करना है। इवेंट में दो प्रमुख उद्योग सत्र आयोजित हुए। पहले सत्र में फिल्म सीजीआई के प्रबंध निदेशक आनंद भनुशाली ने 'इनविजिबल वीएफएक्स बाय फिल्म सीजीआई द धुरंधर वीएफएक्स स्टोरी' विषय पर विस्तार से चर्चा की। दूसरे सत्र में कैनन इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक मार्केटिंग (बी2बी एवं रणनीतिक गठबंधन) गौरव मार्कन ने 'फ्रॉम क्रिएटर टू कोलैबोरेटर हाउ बिग ब्रांड्स हायर क्रिएटिव टैलेंट' विषय पर विचार साझा किए। एमएएसी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, ग्लोबल रिटेल एवं ब्रांड कस्टोडियन संदीप वेलिंग ने कहा कि एवीजीसी सेक्टर में तेजी से विकास हो रहा है और एमएएसी मैनिफ़ेस्ट छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

# विधानसभा चुनाव : पहले चरण के 23 फीसदी उम्मीदवारों पर आपराधिक मुकदमे : एडीआर

❑ **भाजपा के उम्मीदवारों में आपराधिक मामलों का अनुपात सबसे अधिक**

❑ **309 यानी 21 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के पहले चरण में चुनाव मैदान में मौजूद लगभग 23 प्रतिशत उम्मीदवारों ने हलफनामे में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमों का खुलासा किया है। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) और 'पश्चिम बंगाल इलेक्शन वॉच' की ओर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रमुख दलों में भाजपा के उम्मीदवारों में आपराधिक मामलों का अनुपात सबसे अधिक है और इसके (भाजपा के) 152 में से 106 उम्मीदवारों (70 प्रतिशत) ने अपने हलफनामों में ऐसे मामलों की घोषणा की है। तृणमूल कांग्रेस के 148 में




से 63 उम्मीदवार (43 प्रतिशत), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के 98 में से 43 उम्मीदवार और कांग्रेस के 151 में से 39 उम्मीदवारों ने भी आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। एडीआर से जुड़े एक प्रतिनिधि ने कहा कि आंकड़े एक बार फिर यह साफ कर रहे हैं कि अदालतों की बार-बार सख्त हिदायतों के बावजूद राजनीतिक दल साफ छवि के बजाय जीतने की संभावना को प्राथमिकता दे रहे हैं। बताया गया है कि राज्य में 23 अप्रैल को मतदान वाले 152 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रहे 1,478 में से 1,475 उम्मीदवारों के शपथपत्रों के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल 345 उम्मीदवारों ने लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी दी है, जबकि 294 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक आरोप दर्ज हैं। इनमें 19 उम्मीदवारों ने हत्या, 105 ने हत्या के प्रयास और 98 ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े मामलों की घोषणा की है। इनमें छह उम्मीदवारों पर बलात्कार से संबंधित आरोप भी शामिल हैं। एडीआर ने 66 विधानसभा क्षेत्रों को 'रेड अलर्ट' माना है, जो कुल सीट का लगभग 43 प्रतिशत है। इन क्षेत्रों में तीन या अधिक उम्मीदवारों ने अपने हलफनामे में आपराधिक मामलों का उल्लेख किया है। वित्तीय स्थिति के विश्लेषण में सामने आया है कि 309 यानी 21 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं। पहले चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 1.34 करोड़ रुपये बताई गई है, जबकि तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति सबसे अधिक 5.70 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में महिला प्रतिनिधित्व पर भी चिंता जताई गई है। पहले चरण में केवल 167 महिला उम्मीदवार (11 प्रतिशत) चुनाव मैदान में हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिये 'खुली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:-

**क्रम सं.-1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 03-2026-कालोनी,** कार्य का नाम: गोरखपुर क्षेत्र में UTS सब-स्टेशन पर 2x500 KVA क्षमता वाले कॉम्पैक्ट सब-स्टेशन की स्थापना द्वारा विद्युत आपूर्ति में वृद्धि। अनुमानित लागत: ₹ 96,30,468/-, बयाने की राशि: ₹ 1,92,600/-, ई-निविदा फार्म का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से: 09 माह।
• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 05-05-2026 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
• यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी**
मुजाधि/विद्युत-16 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 15.04.2026; मंडल रेल प्रबंधक/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कमरा सं. 44, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. : टीएन-08-26-27; कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (वर्क्स)/बालीगंज के अधीन बालीगंज में मालगाड़ी परीक्षण सुविधा का विकास। **निविदा मूल्य:** रु. 1,54,56,769.68; **ईएमडी:** रु. 3,09,100; **कार्य समापन अवधि:** 04 (चार) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** 12.05.2026 को अपराह्न 03.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध की सामान्य शर्तें 2022 के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है।

(SDAH-08/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/751, दिनांक 15.04.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.:** ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3607; **कार्य का नाम:** प्रधान कार्यालय, फेयरली प्लेस, कोलकाता में जीएम बिल्डिंग के आईओडब्ल्यू गार्डन में एक अदद जॉनसन निर्मित 20 पैसेंजर लिफ्ट (जी+3) का 24 महीने के लिए सम्पूर्ण रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 7,35,612; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 14,700; **समापन अवधि:** 24 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं.:** ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3508-आर2; **कार्य का नाम:** हावड़ा ऑर्थोपेडिक अस्पताल के इनडोर ब्लॉक एवं इमरजेंसी ब्लॉक में दो अदद पैसेंजर-सह-बेड लिफ्ट (निर्माता थाइसेनकरुप एलीवेटर) का 60 महीने के लिए सम्पूर्ण रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 21,66,055; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 43,300; **समापन अवधि:** 60 महीने। **क्रमांक 3, निविदा सं.:** ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3597-आर; **कार्य का नाम:** हावड़ा पुराना स्टेशन परिसर में द्वितीय श्रेणी तथा प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय के लिए दो अदद ओटिस निर्मित पैनोरेमिक ग्लास वॉल टाइप पैसेंजर लिफ्ट (एम/सी सं.-52केवाई 5837 तथा एम/सी सं.-52केवाई 5838) का 36 महीने के लिए सम्पूर्ण रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 17,42,105; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 34,900; **समापन अवधि:** 36 महीने। **क्रमांक 4, निविदा सं.:** ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3562; **कार्य का नाम:** एईएन/टीआर/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/वामनगाछी के अंतर्गत गैंग सं. 2, 3, 4, 6 एवं 7 तथा एसएसई/पी.वे/हावड़ा के अधीन कार्यरत गैंग सं. 1, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 11, 12, 13, 14, 17 एवं 18 के लिए गैंग हट के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 25,74,863; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 51,500; **समापन अवधि:** 180 दिन। **क्रमांक 5, निविदा सं.:** ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3526; **कार्य का नाम:** 4 एनजीटी मनोनित स्टेशनों कोन्नगर, रिषड़ा, श्रीरामपुर एवं सेवड़ाफुली के लिए 40 केएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) सह रिसाइक्लिंग प्लांट की 2 वर्षों के लिए स्थापना एवं चालू करना तथा संचालन एवं रखरखाव के संबंध में विद्युतीय सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 11,95,742; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 23,900; **समापन अवधि:** 180 दिन। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 04.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्र. सं. 1 के लिए), 05.05.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्र. सं. 2 एवं 4 के लिए) तथा 07.05.2026 को अपराह्न 03.00 (क्र. सं. 5 के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-24/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**विधानसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग ने तैयारियों की समीक्षा की तेज**

# संवेदनशील मतदान केंद्रों पर तीन और सामान्य केंद्रों पर दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव को पूरी तरह निगरानी में रखने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने संवेदनशील मतदान केंद्रों पर तीन सीसीटीवी कैमरे और सामान्य मतदान केंद्रों पर दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, संवेदनशील मतदान केंद्रों पर लगाए जाने वाले तीन सीसीटीवी कैमरों में से दो कैमरे मतदान केंद्र के अंदर और एक कैमरा बाहर लगाया जाएगा। वहीं, सामान्य मतदान केंद्रों में एक कैमरा अंदर और एक कैमरा बाहर लगाया जाएगा। ये सभी कैमरे जिला नियंत्रण कक्षों से जोड़े जाएंगे, जो संबंधित जिलों के जिलाधिकारी कार्यालयों में स्थित होंगे। इसके साथ ही इन्हें कोलकाता स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से भी जोड़ा जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, ये कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित होंगे। यदि किसी मतदान केंद्र पर अनधिकृत लोगों की भीड़ या अनियमित गतिविधि होती है, तो इसकी सूचना तुरंत जिला और केंद्रीय नियंत्रण कक्ष को मिल जाएगी। इन कैमरों की व्यवस्था इस तरह की जाएगी कि मतदान केंद्र के अंदर की पूरी गतिविधि का 360 डिग्री दृश्य उपलब्ध हो सके। अत्यधिक संवेदनशील मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए विशेष वीडियो ग्राफरों की तैनाती का भी निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के क्विक रिस्पॉन्स टीम के वाहनों में जीपीएस ट्रैकर लगाए जाएंगे ताकि मतदान के दिन उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके।

## बिना बाउंड्री वाले मतदान केंद्रों पर बांस की घेराबंदी का निर्देश

विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के लिए चुनाव आयोग ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने ऐसे मतदान केंद्रों के चारों ओर अस्थायी बांस की घेराबंदी करने को कहा है, जहां पक्की चारदीवारी मौजूद नहीं है, ताकि अनधिकृत लोगों की आवाजाही रोकी जा सके। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि जांच के दौरान आयोग के प्रतिनिधियों ने कई ऐसे मतदान केंद्रों की पहचान की है जो स्कूल भवनों में स्थित हैं और जिनके चारों ओर कोई समुचित बाउंड्री वॉल नहीं है। इससे वहां तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों की निगरानी से बचकर बाहरी लोगों के प्रवेश की आशंका बनी रहती है। सूत्र ने बताया कि कुछ मतदान केंद्र दूरदराज के वन क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां चारों ओर घने जंगल या झाड़ियां हैं। ऐसे इलाकों में सुरक्षा की दृष्टि से जोखिम अधिक है। इसी को ध्यान में रखते हुए आयोग ने इन मतदान केंद्रों के चारों ओर बांस की घेराबंदी करने का निर्णय लिया है। साथ ही, इन केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती भी की जाएगी, ताकि कोई व्यक्ति घेराबंदी पार कर अंदर प्रवेश न कर सके।

## कोलकाता के सौ से अधिक मतदान केंद्रों में बिजली नहीं, चुनाव आयोग ने दिए इंतजाम के निर्देश

विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता के सौ से अधिक मतदान केंद्रों में बिजली नहीं होने का मामला सामने आने से चुनाव आयोग के अधिकारी हैरान रह गए हैं। आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक बूथ पर मतदान के दौरान आधुनिक वेब कास्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य है, लेकिन बिजली के अभाव में यह संभव नहीं हो पाएगा। इस स्थिति को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे तुरंत बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। जहां स्थायी बिजली व्यवस्था संभव नहीं है, वहां जनरेटर की व्यवस्था करने को कहा गया है, ताकि वेब कास्टिंग पर कोई असर न पड़े। सूत्रों के अनुसार, सबसे अधिक बिजलीविहीन बूथ कोलकाता बंदरगाह क्षेत्र में पाए गए हैं, जहां 50 से अधिक मतदान केंद्रों में बिजली नहीं है। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर पेयजल और शौचालय की सुविधा सुनिश्चित की जाए। शिकायत है कि कई बूथों पर ये बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। जिला निर्वाचन अधिकारियों को आगामी दिनों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने का आदेश दिया गया है।

# भाजपा ने तृणमूल के खिलाफ तीन मामलों को लेकर चुनाव आयोग से की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा ने गुरुवार को चुनाव आयोग से तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ एक के बाद एक तीन बड़ी शिकायतें कीं। भाजपा ने टीएमसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की छवि बिगाड़ने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का सहारा लेने और चुनाव प्रक्रिया को लेकर भ्रम फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस व्यवस्थित तरीके से पीएम मोदी और अमित शाह के ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर फैला रही है, जो पूरी तरह फर्जी और एआई की मदद से तैयार किए गए हैं। पार्टी ने चुनाव आयोग से कहा कि इन वीडियो को जानबूझकर इस तरह गढ़ा गया है, जिससे मतदाताओं को गुमराह किया जा सके। भाजपा ने मांग की है कि इन वीडियो को तुरंत सोशल मीडिया से हटवाया जाए और सत्ताधारी दल को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया जाए। दूसरी शिकायत में भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक बयान को निशाने पर लिया है। पिछले दिनों ममता ने ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों की निष्पक्षता पर सवाल उठाए थे।

भाजपा का दावा है कि मुख्यमंत्री जनता के बीच यह गलत संदेश दे रही हैं कि चुनाव आयोग की मदद से भाजपा धांधली की कोशिश कर रही है। शिकायत पत्र के मुताबिक, 'मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से दावा किया कि अगर मशीन खराब होती है, तो उसे बदला नहीं जाएगा बल्कि उसमें एक 'चिप' डाल दी जाएगी।'

❑ **शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला**

तीसरा मोर्चा राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर खोला गया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि बुधवार की शाम हावड़ा के बाली में रोड शो के दौरान विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हमला किया। पार्टी ने आयोग को बताया कि हाल के दिनों में कोलकाता और आसपास के इलाकों में भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। आरोप के मुताबिक, पुलिस प्रशासन पर्याप्त सुरक्षा देने में नाकाम रहा है। भाजपा ने इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## चुनाव से पहले नरेंद्रपुर थाने के आईसी का तबादला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनावी माहौल के बीच फिर एक थाने के आईसी का तबादला किया गया है। चुनाव आयोग ने नरेंद्रपुर थाने के आईसी सुरेंद्र सिंह को हटा दिया है। उनका तबादला हावड़ा जीआरपी में कर दिया गया है। नरेंद्रपुर थाने के आईसी की जिम्मेदारी प्रोसेनजीत बिष्णु को दी गई है। वे लंबे समय से आईबी में थे। सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले भाजपा ने नरेंद्रपुर थाने के आईसी के खिलाफ कई मुद्दों पर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। माना जा रहा है कि उसी शिकायत के आधार पर उन्हें हटाया गया है। आयोग ने नए आई को शुक्रवार तक काम पर लौटने का आदेश दिया है।

## साल्टलेक में डिवाइडर से टकराई कार, चार घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** सॉल्टलेक के सेक्टर-पांच इलाके में गुरुवार के तड़के एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डिवाइडर पर लगा एक लाइट पोस्ट भी उखड़कर गिर गया। इस हादसे में कार में सवार चार लोग घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, सुबह लगभग 5 बजे सूचना प्रौद्योगिकी नगर सेक्टर-पांच से न्यू टाउन की ओर जा रही एक काले रंग की कार तेज रफ्तार के कारण अचानक नियंत्रण खो बैठी और सीधे सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना के समय कार में तीन पुरुष और एक महिला सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को छोड़ दिया, जबकि चालक के बगल में बैठे एक यात्री सहित दो लोग अभी भी उपचाराधीन हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कार चालक घटना के समय नशे की हालत में था या नहीं। दुर्घटनाग्रस्त कार को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL | EDUCATION | OBITUARY
PROPERTY | NAME CHANGE | REMEMBRANCE
RECRUITMENT | PUBLIC NOTICE | DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

### हरिवंश के राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध चुने जाने की संभावना

**नयी दिल्ली :** मनोनीत सदस्य हरिवंश के राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध चुने जाने की संभावना है क्योंकि उनके पक्ष में पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए वहीं विपक्ष ने अपने उम्मीदवार के संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं दिया है। उपसभापति पद के लिए चुनाव शुक्रवार को सुबह 11 बजे होगा। हरिवंश का कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त होने के बाद राज्यसभा के उपसभापति का पद रिक्त हो गया था। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को चुनाव कराने की तारीख तय की है।

### मंगेशकर परिवार कर रहा है मानवता की सेवा: आरएसएस प्रमुख

**पुणे :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि महान गायिकाओं -- लता मंगेशकर और आशा भोंसले -- को जन्म देने वाला मंगेशकर परिवार मानवता एवं समाज की सेवा कर रहा है। भागवत महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ यहां 'लता आशा मंगेशकर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' की आधारशिला रखने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह संस्थान लता मंगेशकर और आशा भोसले को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह समारोह आशा भोसले के 92 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन के कुछ दिनों बाद आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने मंगेशकर परिवार के परोपकारी मूल्यों की सराहना की और कहा कि परिवार द्वारा संचालित मेडिकल फाउंडेशन ने व्यवसायीकरण से परहेज किया है एवं समाज की सेवा करने का चयन किया है।

### कश्मीर एसआईए ने 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल मामले में 10 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**श्रीनगर :** कश्मीर राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने जम्मू-कश्मीर के कई डॉक्टरों की संलिप्तता वाले ''सफेदपोश'' आतंकी मॉड्यूल मामले में बृहस्पतिवार को 10 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा, ''एसएआई, कश्मीर ने एक महत्वपूर्ण आतंकी साजिश मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें एक गुप्त मॉड्यूल शामिल है जिसे आमतौर पर 'डॉक्टर्स टेरर मॉड्यूल' के नाम से जाना जाता है।'' दस आरोपियों में शामिल डॉ. उमर उन नबी पिछले साल नवंबर में लाल किले के नजदीक कार विस्फोट में मारा गया था।

### न्यायालय ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधानों के खिलाफ याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

**नयी दिल्ली :** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को एक ''संवैधानिक उद्देश्य'' बताते हुए, उच्चतम न्यायालय ने मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमति व्यक्त की। याचिका में इन प्रावधानों को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि ये महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर भेदभावपूर्ण हैं, खासकर संपत्ति के अधिकारों के मामले में।

# महिला सशक्तीकरण की दिशा में देश ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार: मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए दृढ़ता से आगे बढ़ रही है। उनकी यह टिप्पणी विशेष सत्र शुरू होने से पहले आयी, जिसमें 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (महिला आरक्षण कानून) में संशोधन कर इसे 2029 से लागू करने की दिशा में कदम उठाया जाएगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज से शुरू हो रही संसद की विशेष बैठक में हमारा देश नारी सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहा है। हमारी माताओं-बहनों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है और यही भावना लेकर हम इस दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहे हैं। संविधान संशोधन विधेयक के अनुसार, 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण कानून को लागू करने के लिए परिसीमन प्रक्रिया के बाद लोकसभा सीटों की संख्या वर्तमान 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 की जाएगी। यह परिसीमन अंतिम प्रकाशित जनगणना के आधार पर किया जाएगा। इसके अलावा, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सीटों की संख्या बढ़ायी जाएगी। लोकसभा सदस्यों को उपलब्ध कराए गए विधेयक में कहा गया है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में 'रोटेशन' के आधार पर आवंटित की जाएंगी।

### परिसीमन के विरोध में उदयनिधि, द्रमुक उम्मीदवारों ने काली शर्ट पहनकर किया प्रदर्शन

**मदुरै (तमिलनाडु) :** परिसीमन कवायद के विरोध में काले रंग की शर्ट पहनकर द्रमुक की युवा शाखा के सचिव उदयनिधि स्टालिन ने बृहस्पतिवार को यहां पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया, और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार पर ''राज्य का संसद में प्रतिनिधित्व घटाने'' का आरोप लगाया। स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार चुनावी राज्य तमिलनाडु में जनता का ध्यान भटकाकर संसद में परिसीमन विधेयक पारित कराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि लोगों को परिसीमन का विरोध करना चाहिए, क्योंकि यह जनसंख्या के आधार पर किया जाएगा, जिससे राज्य में लोकसभा सीटों का अनुपात कम हो जाएगा।

## टीवीके प्रमुख विजय ने चुनाव घोषणापत्र जारी किया, महिलाओं को 2500 रुपये की मासिक सहायता देने का वादा



**चेन्नई :** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं के कल्याण पर खासतौर पर जोर दिया गया है। घोषणापत्र में 60 वर्ष से कम आयु की महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मासिक सहायता और गरीब तबके की महिलाओं की शादी के वास्ते आठ ग्राम सोना देने का वादा किया गया है। विजय ने इन महिलाओं की शादी के लिए सोने के अलावा उच्च गुणवत्ता वाली रेशम की एक साड़ी देने का भी वादा किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के वास्ते पांच लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण का आश्वासन दिया। घोषणापत्र में शिक्षा को भी महत्व दिया गया है। स्कूली पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या को रोकने के लिए, सरकारी और राज्य-सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं या अभिभावकों को प्रतिवर्ष 15,000 रुपये दिये जाने का वादा किया गया है। उन्होंने सत्ता में आने पर भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन का भी आश्वासन दिया। विजय ने प्रतिष्ठित नेता कामराज के नाम पर 100 विशेष आवासीय स्कूलों और 20 लाख रुपये तक के उच्च शिक्षा ऋण का वादा किया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मंत्रालय, एआई विश्वविद्यालय और एआई शहर की स्थापना का भी आश्वासन दिया। घोषणापत्र में कृषि कल्याण पर भी विशेष बल दिया गया है। टीवीके प्रमुख ने आश्वासन दिया है कि पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों के कृषि सहकारी फसल ऋण पूरी तरह माफ कर दिए जाएंगे, जबकि पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को 50 प्रतिशत ऋण माफी मिलेगी।

## भारत की पहली यात्री ट्रेन की 173वीं वर्षगांठ पर वैष्णव ने कहा - यात्रा जारी है



**ठाणे :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को भारत में पहली यात्री ट्रेन की वर्षगांठ पर ठाणे रेलवे पुल और प्रारंभिक ट्रेन की एक ऐतिहासिक तस्वीर साझा की। देश की पहली यात्री ट्रेन 16 अप्रैल, 1853 को बोरी बंदर (मुंबई) से ठाणे के बीच चली थी। वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के माध्यम से ठाणे पुल पर पुरानी ट्रेन और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की छवि साझा की, जिसका कैप्शन था यात्रा जारी है... मध्य रेलवे द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, भारतीय रेलवे के 173 साल पूरे होने के अवसर पर ठाणे रेलवे पुल और प्रारंभिक ट्रेन की एक प्रामाणिक अभिलेखीय छवि साझा की गई है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ऐतिहासिक कथा सत्यापित रिकॉर्ड के साथ संरेखित है। इतिहासकार ध्यान देते हैं कि अभिलेखीय सटीकता लंबे समय से एक चुनौती रही है क्योंकि सार्वजनिक चर्चा में अक्सर गलत तरीके से पेश की गई या शैलीबद्ध छवियां घूमती रहती हैं। लेखक और इतिहासकार राजेंद्र अकलेकर ने कहा कि पुल पर ट्रेन की जो पुरानी तस्वीर प्रचलन में है, वह रिकॉर्ड के अनुसार वास्तविक पुल की नहीं है।

## महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल कर रहे हैं प्रधानमंत्री: प्रियंका गांधी



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन को सत्ता बनाए रखने के लिए बहाने के तौर पर उपयोग करने और महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया तथा दावा किया कि यदि विधेयक पारित हो गया तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। उन्होंने महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित विधेयकों पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को लोकसभा के वर्तमान संख्याबल 543 के आधार पर महिला आरक्षण को लागू करना चाहिए और जाति जनगणना के बिना परिसीमन नहीं होना चाहिए। प्रियंका ने गृह मंत्री अमित शाह पर राजनीतिक कुटिलता का आरोप भी लगाया और तंज कसते हुए कहा, ''यदि आज चाणक्य जिंदा होते तो आपकी कुटिलता से चौंक जाते।'' उनका कहना था कि सच्चाई यह है कि लोकसभा में हो रही चर्चा महिला आरक्षण विधेयक पर ही नहीं है, बल्कि परिसीमन पर भी है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस ''राजनीति की बू'' का जिक्र किया, वह इस विधेयक में पूरी तरह घुली हुई है। प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार यह विधेयक लाई है क्योंकि वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को भागीदारी नहीं देना चाहती है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अगर यह विधेयक पारित होता है तो समझ लीजिए कि देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा, ''अगर प्रधानमंत्री ने यह ऐतिहासिक कदम ईमानदारी से उठाया होता तो पूरा सदन इसका समर्थन करता।''

### बिरला का राहुल पर तंज: ''सिर्फ आपका ही माइक बंद होता है''

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में बृहस्पतिवार को जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस सदस्य केसी वेणुगोपाल का माइक बंद होने को लेकर संदेह जताया तो अध्यक्ष ओम बिरला ने तंज कसते हुए कहा, ''सिर्फ आपका ही माइक बंद होता है, इनका नहीं होता।'' इस पर सदन में सदस्यों के ठहाके सुने गए। वेणुगोपाल सदन में महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किये जाने का विरोध करते हुए अपनी बात रख रहे थे। जब वेणुगोपाल ने बोलना शुरू किया तो राहुल गांधी ने उनका माइक बंद होने की शंका जताई। इस पर बिरला ने राहुल गांधी से मजाकिया अंदाज में कहा, ''चालू है, माइक चालू है सिर्फ आपका ही बंद होता है, इनका बंद नहीं होता।'' यह सुनते ही सदस्य ठहाके लगाने लगे। दरअसल अध्यक्ष की यह टिप्पणी राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं के इन आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है कि नेता प्रतिपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया जाता और उनका माइक बंद कर दिया जाता है। वहीं, अध्यक्ष बार-बार यह बात कहते रहे हैं कि माइक बंद करने के लिए आसन के पास कोई बटन नहीं है और आसन से माइक चालू या बंद नहीं किया जाता।

### दमकल वाहन का रास्ता रोकने के आरोप में कार चालक पर मामला दर्ज, लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित

**अलप्पुझा (केरल) :** केरल के पत्तनकड में भीषण आग लगने के बाद अस्पताल जा रहे दमकल वाहन का रास्ता रोकने के आरोप में पुलिस ने एक मामला दर्ज कर कार को जब्त कर लिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कोडमथुरुथ निवासी सुजीत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह घटना बुधवार को उस समय हुई जब थरावूर सरकारी अस्पताल में भीषण आग लग गई थी। आस-पास के स्टेशन से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद, अलप्पुझा से अतिरिक्त दमकल वाहन भेजे गए। पुलिस के अनुसार, जब ऐसा ही एक वाहन पत्तनकड के पोन्नमवेली के पास पहुंचा, तो कार चालक सुजीत ने कथित तौर पर दमकल वाहन को रास्ता देने से इनकार कर दिया। सायरन बजने और दमकल चालक द्वारा बार-बार हॉर्न बजाने के बावजूद सुजीत कथित तौर पर सड़क के बीच में धीमी गति से गाड़ी चलाता रहा, जिससे आपातकालीन वाहन आगे नहीं निकल सका।

## नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, सिंघवी सहित नवनिर्वाचित सदस्यों ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बृहस्पतिवार को अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। उच्च सदन की बैठक शुरू होने के बाद सभापति सी पी राधाकृष्णन ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। नितिन नवीन ने हिंदी में शपथ ली। सदन में मौजूद सदस्यों ने मेजें थप-थपाकर उनका स्वागत किया। नवीन उच्च सदन में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभापति सी पी राधाकृष्णन ने उन्हें और शपथ लेने वाले अन्य सदस्यों को बधाई दी। शपथ लेने वाले अन्य सदस्यों में असम से भाजपा के तेराश गोवाला और जोगेन मोहन, यूपीपी(एल) के प्रमोद बोरो, बिहार से राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के उपेंद्र कुशवाहा, जनता दल (यूनाइटेड) के रामनाथ ठाकुर, भाजपा के शिवेश कुमार, छत्तीसगढ़ से भाजपा की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलो देवी नेताम, हरियाणा से कांग्रेस के करमवीर सिंह बौद्ध और भाजपा के संजय भाटिया, हिमाचल प्रदेश से कांग्रेस के अनुराग शर्मा, महाराष्ट्र से भाजपा के विनोद श्रीधर तावड़े, ओडिशा से भाजपा के सुजीत कुमार, तेलंगाना से कांग्रेस के डॉ अभिषेक मनु सिंघवी तथा वेम नरेन्द्र रेड्डी शामिल हैं।

## महिला आरक्षण के साथ परिसीमन को जोड़ना 'राजनीतिक नोटबंदी': थरूर




**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़ने को लेकर बृहस्पतिवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष ''राजनीतिक नोटबंदी'' को सफल नहीं होने देगा। संसद भवन परिसर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा कि सरकार महिला आरक्षण को परिसीमन से अलग करके तुरंत लागू कर सकती है और विपक्ष इस कदम का समर्थन करेगा। तिरुवनंतपुरम के लोकसभा सदस्य थरूर ने कहा, ''मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि हमें महिला आरक्षण से कोई समस्या नहीं है, वे (सरकार के लोग) इसे तुरंत कर सकते हैं, लेकिन परिसीमन को क्यों शामिल किया जा रहा है? यह हमारा सवाल है, क्योंकि परिसीमन से संबंधित कई मुद्दे हैं, उनपर लंबी चर्चा की आवश्यकता है। वे दो-तीन दिनों में ही इसे पूरा करना चाहते हैं, यह संभव नहीं है।''

### पंजाब: आईएसआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से चार हथगोले बरामद किए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर व मोहाली के राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठों और पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग के संयुक्त अभियान में दो विदेशी पिस्तौल और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। यादव ने एक पोस्ट में बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी विदेशी आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहा था और चंडीगढ़ में हाल ही में हुए ग्रेनेड हमले में शामिल आतंकी मॉड्यूल से उसके संबंध हैं। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि अमृतसर के 'पुलिस स्टेशन स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल' में प्राथमिकी दर्ज की गई है और इस मॉड्यूल के अन्य सदस्यों की पहचान करने, उनका पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच जारी है।

### नासिक मामला: जबरन धर्मांतरण को 'आतंकवादी कृत्य' घोषित करने के लिये न्यायालय में याचिका

**नयी दिल्ली :** नासिक स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर धोखाधड़ीपूर्ण धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिये निर्देश देने का अनुरोध किया गया। यह याचिका नासिक स्थित टीसीएस कार्यालय में आठ महिला कर्मचारियों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोपों की पृष्ठभूमि में दायर की गई है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में तर्क दिया गया कि धोखे से किया गया धर्मांतरण न केवल संप्रभुता, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए एक गंभीर खतरा है, बल्कि बंधुत्व, गरिमा, एकता और राष्ट्रीय एकता के लिए भी खतरा है। अधिवक्ता अश्विनी दुबे के माध्यम से दायर याचिका में धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को कड़े कदम उठाने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया, नासिक में संगठित धर्मांतरण ने पूरे देश के नागरिकों की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

## आंध्र प्रदेश : मंत्रालयम के समीप सड़क दुर्घटना में आठ श्रद्धालुओं की मौत, कई घायल



**चिलकलदोना (आंध्र प्रदेश) :** आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के मंत्रालयम में एक माल-वाहक वाहन की टैंकर से आमने-सामने की टक्कर में पांच महिलाओं सहित कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब श्रद्धालु श्री राघवेंद्र स्वामी के दर्शन के लिए मंत्रालयम जा रहे थे और 16 यात्रियों को ले जा रहा वाहन टैंकर से टकरा गया, जिसके परिणामस्वरूप यह घातक दुर्घटना हुई। येम्मिगनूर की पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) एन भार्गवी ने पत्रकारों को बताया, ''आठ श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया।'' मृतकों में एक नाबालिग लड़की और दो पुरुष भी शामिल हैं।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर आकाश एयर और स्पाइसजेट के विमानों के पंख टकराए; पायलटों को ड्यूटी से हटाया



**नयी दिल्ली :** दिल्ली हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार दोपहर को आकाश एयर और स्पाइसजेट के विमानों के पंखों के टकराने से दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीजीसीए ने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर आकाश एयर-स्पाइसजेट विमान दुर्घटना की जांच लंबित रहने तक वायु यातायात नियंत्रक और स्पाइसजेट के पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है। घटना के बाद दोनों बोइंग 737 विमानों को हवाई अड्डे पर ही रोक दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना अपराह्न करीब 2.15 बजे हवाई अड्डे के टर्मिनल एक पर हुई जब आकाश एयर का विमान टैक्सीवे पर उड़ान भरने के लिए निकलने वाला था और स्पाइसजेट का विमान पार्किंग स्टैंड की तरफ जा रहा था। उन्होंने बताया कि आकाश एयर का विमान दिल्ली से हैदराबाद के लिए उड़ान क्यूपी-1406 संचालित करने वाला था, जबकि स्पाइसजेट का विमान उड़ान एसजी 124 का संचालन करने के बाद लेह से आया था। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि स्पाइसजेट का विमान पार्किंग बे में जा रहा था। इसी दौरान आकाश एयर के विमान के एक हिस्से से टकरा गया। टक्कर के कारण स्पाइसजेट विमान के दाहिने हिस्से और अकाश एयर के विमान के एक हिस्से को नुकसान पहुंचा है। डीजीसीए ने कहा कि वह मामले की जांच कर रहा है। अकाश एयर ने कहा कि दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली उसकी उड़ान क्यूपी-1406 को बे (जहां विमान खड़ा रहता है) पर लौटना पड़ा। एयरलाइन ने बयान में कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आकाश एयर का विमान खड़ा था जब दूसरे एयरलाइन के विमान का एक हिस्सा उससे टकरा गया।

# व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर 500 महिलाओं से दो करोड़ रुपये ठगे, पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

### खुद को डॉक्टर, फिल्म निर्माता, वकील, कारोबारी और मॉडल बताता था

* पीड़िताओं की निजी फोटो/वीडियो लेकर ब्लैकमेल भी करता था
* पश्चिम बंगाल से हुई गिरफ्तारी



**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल के जरिए डॉक्टर, फिल्म निर्माता, वकील, कारोबारी एवं मॉडल बनकर देशभर की 500 से ज्यादा महिलाओं से दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में 35 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित गोयल ने एक बयान में बताया कि जिले की साइबर पुलिस की एक टीम ने आरोपी आनंद कुमार को गिरफ्तार किया है, जिसपर डेटिंग और विवाह संबंधी मंचों के माध्यम से महिलाओं को निशाना बनाकर 'रोमांस स्कैम', मोहपाश और ऑनलाइन ब्लैकमेल का एक संगठित नेटवर्क चलाने के आरोप हैं। पुलिस ने बताया कि कुमार महिलाओं से संपर्क करने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के साथ-साथ डेटिंग और विवाह संबंधी ऐप' पर फर्जी पहचान के आधार पर प्रोफाइल बनाता था। डीसीपी ने कहा, वह खुद को एक प्रभावशाली पृष्ठभूमि वाले सुस्थापित पेशेवर व्यक्ति के रूप में पेश करता था, और भरोसा जीतने और पीड़िताओं को आकर्षित करने के लिए अक्सर खुद को डॉक्टर, व्यवसायी या फिल्म निर्माता बताता था। जांचकर्ताओं के अनुसार, आरोपी पीड़िताओं से दोस्त के तौर पर बातचीत शुरू करता था और धीरे-धीरे कई दिनों या हफ्तों में उनके साथ भावनात्मक संबंध बनाता था और विश्वास कायम होने के बाद, वह उनके साथ निजी 'मैसेजिंग मंचों' पर जाकर बातचीत करता था और इन मंचों का इस्तेमाल कई मोबाइल नंबरों के जरिए किया जाता था ताकि पकड़े जाने से बचा जा सके। उन्होंने कहा, आरोपी ने एक ही समय में कई पीड़ितओं से समानांतर बातचीत की। उसने भावनात्मक कमजोरियों का फायदा उठाया और पीड़िताओं को अपने भरोसे में लेने के लिए घनिष्ठता का भाव पैदा किया। अधिकारी ने बताया कि पीड़िताओं का विश्वास जीतने के बाद, कुमार उनसे पैसे ऐंठने के लिए चिकित्सा संबंधी आपात स्थिति, कारोबार में घाटा, पारिवारिक संकट या आर्थिक तंगी जैसी मनगढ़ंत कहानियां गढ़ता था। कई मामलों में, वह पीड़िताओं को लुभाने के लिए शादी या मॉडलिंग असाइनमेंट या प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाने जैसे आकर्षक अवसरों का भी वादा करता था।

# प्रधानमंत्री ने तनावपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच स्थायी शांति की अपील की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया एक 'बेहद तनावपूर्ण' स्थिति से गुजर रही है, जिससे सभी देश प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यूक्रेन और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लाने की अपील की, क्योंकि सैन्य संघर्ष से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह टिप्पणी की, जिसमें व्यापार, रक्षा और अवसंरचना के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। अपनी वार्ता में, मोदी और स्टॉकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्षों के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें कम करने के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प लिया। ऑस्ट्रिया के चांसलर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से चार दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नयी दिल्ली पहुंचे। भारत की यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मीडिया बयान में कहा, ''पूरी दुनिया बहुत ही गंभीर और तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है। और यह स्थिति हम सब को प्रभावित कर रही है।'' उन्होंने कहा, ऐसे तनावपूर्ण वैश्विक माहौल में, भारत और ऑस्ट्रिया इस बात पर एकमत हैं कि सैन्य संघर्ष से समस्याओं का हल नहीं हो सकता।

### प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को तत्काल बहाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मोदी ने बृहस्पतिवार को मैक्रों के साथ अपनी टेलीफोन पर हुई बातचीत के बारे में 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम क्षेत्र में शांति और स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए अपना घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे।''

# गुरु गोबिंद सिंह से प्रेरणा लेकर बिहार को समृद्ध बनाने के लिए काम करूंगा: सम्राट चौधरी



**पटना:** बिहार के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह सिख गुरु गोबिंद सिंह से प्रेरणा लेकर बिहार और देश को समृद्ध बनाने के लिए काम करेंगे। चौधरी ने यहां पटना साहिब गुरुद्वारे का दौरा किया, जो सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह से जुड़ा पवित्र स्थल है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता चौधरी ने बुधवार को बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह पहली बार है, जब राज्य में भाजपा का कोई नेता शीर्ष पद पर काबिज हुआ है। चौधरी ने कहा, मैं गुरु गोबिंद सिंह जी से प्रेरित हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनका आशीर्वाद बिहार के लोगों पर बना रहे और राज्य के साथ-साथ देश भी समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वह पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से लंबे समय तक किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव, राज्य के मुख्य सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री सचिवालय में बैठक की।

## सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सुशासन की नींव पर विकास का नया अध्याय लिखेंगे : बिहार भाजपा अध्यक्ष

भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय सरावगी ने सम्राट चौधरी के राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर खुशी जताते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रदेश के विकास के लिए अधिक समर्पण के साथ काम करने का बृहस्पतिवार को आह्वान किया। सरावगी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पत्र लिखकर कहा कि ऊर्जावान, लोकप्रिय एवं कर्मठ नेता सम्राट चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है और यह घटनाक्रम हम सभी के लिए बेहद खुश तथा गौरवान्वित करने वाला है। उन्होंने पत्र की शुरुआत 'जय श्रीराम' के अभिवादन के साथ करते हुए कहा कि यह उपलब्धि दशकों की कड़ी मेहनत, त्याग और बलिदान का नजीता है। सरावगी ने बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के सभी कार्यकर्ताओं को श्रेय देते हुए कहा कि उनके समर्पण ने इस गौरवपूर्ण पल को संभव बनाया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से सुशासन की मजबूत नींव पर उसी प्रतिबद्धता और अधिक ऊर्जा के साथ विकास का नया अध्याय लिखने का आह्वान किया।

## नई सरकार को निशांत कुमार का समर्थन, सम्राट चौधरी को बताया 'बड़ा भाई'

**पटना:** बिहार में नई सरकार के गठन के बाद बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार बृहस्पतिवार दोपहर पहली बार जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। उन्होंने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में नई सरकार के नेतृत्व को लेकर खुलकर समर्थन जताया। निशांत ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को अपना बड़ा भाई बताते हुए बधाई दी, साथ ही उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को भी शुभकामनाएं दीं। निशांत ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सम्राट चौधरी बिहार को नई दिशा देंगे और वह उनके नेतृत्व में काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पिता व उनका पूरा सहयोग नई सरकार के साथ रहेगा। निशांत ने स्पष्ट किया कि अब वह जनता के बीच जाएंगे और पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने पिता के अधूरे सपनों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। निशांत कुमार का यह बयान ऐसे समय आया है, जब नई सरकार के गठन के बाद उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं।

### झारखंडः बहन से छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति की युवक ने हत्या की, गिरफ्तार

**चाईबासा:** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में 22 वर्षीय एक युवक ने बहन के साथ बार-बार छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उन्हें बुधवार को सूचना मिली कि कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के चंदबुनिया गांव में कुल्हाड़ी से हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित को कुमारडुंगी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रेनू ने इस घटना की जांच के लिए एसडीपीओ (जगन्नाथपुर) राफेल मुर्मू के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने सबूत जुटाने के बाद उसी गांव के एक निवासी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दावा किया कि आरोपी ने अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में उसने बताया कि वह व्यक्ति नियमित रूप से उसकी बहन को छेड़ता था, जिससे वह ऐसा करने के लिए मजबूर हो गया।

### बिहार में रालोमो विधायक ने शराबबंदी कानून की समीक्षा की मांग दोहराई

**पटना:** बिहार में मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे के दो दिन बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के विधायक माधव आनंद ने राज्य में लागू शराबबंदी कानून की व्यापक समीक्षा की मांग बृहस्पतिवार को दोहराई और इसके लिए राजस्व के नुकसान का हवाला दिया। बिहार निषेध एवं उत्पाद अधिनियम-2016, जो नीतीश नीत पिछली सरकार की प्रमुख नीतियों में से एक है, राज्य में शराब और अन्य मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है। आनंद ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा, बिहार जैसे भू-आवेष्ठित (लैंडलॉक्ड) राज्य, जहां राजस्व की कमी है, वहां सरकार ने पिछले 10 वर्षों तक शराबबंदी कानून को बनाए रखने में पर्याप्त साहस दिखाया है। उन्होंने कहा, इस कानून के कारण बिहार का पैसा दूसरे राज्यों में और नेपाल जा रहा है। राज्य को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। दस साल लंबा समय होता है और अब हमें शराब कानून की व्यापक समीक्षा करनी चाहिए।

### झारखंड में 50 बिस्तर तक के अस्पतालों को नियमों में मिल सकती है राहत

**रांची:** झारखंड के नैदानिक प्रतिष्ठान अधिनियम (सीईए) के तहत 50 बिस्तर तक की क्षमता वाले कई छोटे अस्पतालों, नर्सिंग होम और क्लीनिक को जल्द ही बड़ी राहत मिल सकती है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की प्रदेश इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर इन छोटे अस्पतालों को कानून के दायरे से छूट देने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान नियमों के तहत अस्पतालों को 27 तरह की औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है। इनमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), इमारत के नक्शे की मंजूरी और सिविल सर्जन से पंजीकरण जैसी शर्तें शामिल हैं।

### भाजपा ने झारखंड के कथित आबकारी परीक्षा पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग की

**रांची:** झारखंड के विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को मांग की कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आबकारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों की सीबीआई जांच की सिफारिश करें। पार्टी ने यह मांग तब की है जब झारखंड आबकारी आरक्षी प्रतियोगी परीक्षा (जेईसीसीई) 2023 के 159 अभ्यर्थियों और पांच अन्य लोगों को कथित पेपर लीक के सिलसिले में 12 अप्रैल को रांची में गिरफ्तार किया गया । विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि यह मामला एक बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, 'पुलिस प्रशासन द्वारा दिखाई गई जल्दबाजी और जांच के तौर-तरीके से संकेत मिलता है कि इसमें कोई बड़ा घोटाला हो सकता है।'

### झारखंड : तीन करोड़ रुपये का गबन करने के आरोप में पशुपालन विभाग का अकाउंटेंट गिरफ्तार

रांची: झारखंड के पशुपालन विभाग में कार्यरत एक अकाउंटेंट को 'वेतन खातों में हेरफेर' कर करीब तीन करोड़ रुपये का गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ 14 अप्रैल को कार्यकारी मजिस्ट्रेट मोहम्मद जफर हसनात द्वारा कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया था। कोतवाली थाना प्रभारी संजय चौधरी ने बताया, 'अकाउंटेंट रांची के कांके स्थित पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान से जुड़ा हुआ था और वह कथित तौर पर वेतन खातों में हेरफेर कर गबन कर रहा था।'' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच वेतन बिलों में छेड़छाड़ कर और अपने वास्तविक वेतन को बढ़ाकर यह राशि निकाली गई। चौधरी ने कहा कि मामले की जांच जारी है। हाल ही में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्यव्यापी जांच के आदेश दिए थे, जब यह सामने आया कि बोकारो में एक पुलिस विभाग के अकाउंटेंट ने राजकोषीय वेतन खाते से छह करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## न्यूज अपडेट

### शासन सचिवालय राज्य प्रशासन का सबसे बड़ा निकाय : भजनलाल शर्मा

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शासन सचिवालय राज्य प्रशासन का सबसे बड़ा निकाय हैं, जहां से प्रदेश की सभी नीतियों एवं योजनाओं की शुरुआत कर आमजन को लाभान्वित किया जाता है। शर्मा ने कहा, हमारी जिम्मेदारी है कि हम लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण कर सुशासन के संकल्प को वास्तविकता में बदलें। मुख्यमंत्री ने राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के नव-निर्वाचित अध्यक्ष और अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई तथा उनसे प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ अपने दायित्व निभाने का आग्रह किया। शर्मा ने कहा, प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्मचारियों की कार्यकुशलता और क्षमता बढ़ाने के लिए 'मिशन कर्मयोगी' की शुरुआत की है। प्रदेश के कर्मचारियों को भी इसके जरिये अपनी कार्यकुशलता बढ़ानी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी श्रीनिवास सहित वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री उपस्थित थे।

### राजस्थान के करौली में एसडीएम सहित तीन अधिकारी 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**जयपुर:** राजस्थान के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने करौली जिले में एक उपखंड अधिकारी (एसडीएम), उनके रीडर और एक अन्य कर्मचारी को 60,000 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपियों की पहचान एसडीएम काजल मीण, उनके रीडर दिनेश कुमार सैनी और वरिष्ठ सहायक प्रवीण धाकड़ के रूप में हुई है जिन्हें नादौती कस्बे में भूमि विवाद से संबंधित अंतिम डिक्री जारी करने के एवज में रिश्वत लेते समय रंगे हाथों पकड़ा गया। गुप्ता ने बताया कि शिकायत में आरोप था कि आरोपियों ने पहले एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, जिसे बाद में घटाकर 50,000 रुपये कर दिया गया। शिकायत का सत्यापन करने के बाद सवाईमाधोपुर से एसीबी टीम ने जाल बिछाया और एसडीएम के लिए 50,000 रुपये तथा रीडर को अपने लिए 10,000 रुपेय की रिश्वत लेते पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने आरोपियों के पास मौजूद एक बैग से चार लाख रुपये भी बरामद किए, जिसे संदिग्ध मानते हुए जांच की जा रही है।

### भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप होंगे जनगणना के कार्य, स्व-गणना शुरूः मुख्य सचिव

**पटना:** बिहार में 17 अप्रैल से शुरू होने वाली स्व-गणना की तैयारी की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बृहस्पतिवार को संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना एक राष्ट्रहित का कार्य है और इसे भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही संपन्न किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने जनगणना दो चरणों में होने का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रथम चरण की शुरुआत दो मई से होगी, जिसमें मकानों का सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके पहले 17 अप्रैल से स्व-गणना कार्य प्रारंभ होगा, जो एक मई 2026 तक चलेगा। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों, सचिवों तथा राज्य के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर गणमान्य व्यक्तियों की सूची तैयार करें और उनसे स्व-गणना करवाएं, ताकि आम लोगों को भी इस अभियान में भाग लेने की प्रेरणा मिल सके।

### बुजुर्ग महिला की रीढ़ के बजाय जांघ की सर्जरी होने के बाद मौत, जांच समिति गठित

**वाराणसी (उप्र):** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ट्रामा सेंटर में 71 वर्षीय महिला की रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर का ऑपरेशन करने के बजाय कथित तौर पर जांघ की सर्जरी कर दिए जाने के बाद उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मृतक महिला की पहचान अमृतपुर निवासी राधिका देवी के रूप में की गयी है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि एक ही नाम के दो मरीज होने की वजह से गलतफहमी में गलत ऑपरेशन हो गया। दूसरी महिला मरीज अपने पैर में फ्रैक्चर की शिकायत लेकर अस्पताल आयी थी। बहरहाल, इस मामले में चार सदस्यों की समिति बना कर जांच की जा रही है। अमृतपुर की रहने वाली महिला राधिका देवी के पौत्र मृत्युंजय पाल के अनुसार, उसकी दादी को रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर की शिकायत पर गत 25 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृत्युंजय ने दावा किया अस्पताल के चिकित्सक सात मार्च को उसकी दादी को ऑपरेशन के लिए ले गए, लेकिन रीढ़ के बजाय उनकी जांघ की सर्जरी कर दी। उन्होंने दावा किया, ''जब कोई फ्रैक्चर नहीं पाया गया, तो घाव पर टांके लगाए गए और उन्हें आईसीयू से बाहर लाया गया।'

## जन समस्याओं का पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : मुख्यमंत्री योगी



**गोरखपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को जन शिकायतों का 'पारदर्शी और संतोषजनक' तरीके से समाधान करने का आदेश दिया। यहां जारी एक बयान के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में लगभग 200 फरियादियों से मुलाकात की और अपराध व अवैध रूप से जमीन हड़पने से जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई का भी आदेश दिया। बयान के अनुसार, इस दौरान श्रावस्ती से आई एक महिला ने गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के इलाज में मदद का अनुरोध किया। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री ने महिला का प्रार्थना पत्र लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल सहायता का निर्देश दिया। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने फरियादियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराइए मत सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। मुख्यमंत्री ने अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

## उप्र में साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, तीन सदस्य गिरफ्तार




**भदोही:** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पुलिस ने एक साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए उसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों पर कई राज्यों में खुलवाए गए 200 से अधिक बैंक खातों का इस्तेमाल कर लोगों से 10 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिनव त्यागी ने बताया कि ज्ञानपुर में अमन बिंद नामक एक रेहड़ी-पटरी वाले ने उसके और उसकी बहन के नाम पर खोले गए बैंक खातों का दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। त्यागी के मुताबिक, शिकायत की जांच के दौरान पांच सदस्यीय गिरोह का खुलासा हुआ, जिनमें से तीन-अंशुल मिश्रा, कपिल रावत और मोहम्मद शोएब को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है, जिनकी पहचान अस्तित्व वर्मा उर्फ रौनक और ध्रुव पाठक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, जांच से पता चला है कि अस्तित्व वर्मा ने एक ग्राहक के रूप में बिंद से दोस्ती की और उसे अन्य लोगों से मिलवाया, जिन्होंने सरकारी योजनाओं के तहत ऋण की व्यवस्था करने का वादा किया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित और उसकी बहन के बैंक खाते खुलवाए और पासबुक, एटीएम कार्ड और खातों से जुड़े मोबाइल नंबर सहित अन्य विवरण जुटाए। जांचकर्ताओं ने पाया कि आरोपियों ने व्हाट्सएप, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम समूहों के माध्यम से बैंक खातों से जुड़ी जानकारियां साझा कीं और ऑनलाइन शॉपिंग एवं ऋण सेवाओं की आड़ में धोखाधड़ी वाले लेनदेन की सुविधा हासिल करने के लिए एपीके फाइल प्रसारित कीं।

### झारखंड के देवघर में 10 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर:** झारखंड में देवघर जिले के नौ स्थानों से कुल 10 साइबर अपधारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) राजा कुमार मित्र ने पत्रकारों को बताया कि मंगलवार को पड़े पुलिस छापों में इन्हे गिरफ्तार किया गया। मित्र के मुताबिक पुलिस को ये जानकारी मिली थी कि आरोपी फर्जी अनलाइन मंचों के ग्राहक सेवा प्रबंधक बनकर कैशबैक और ऋण जैसी सुविधाओं के लिंक भेजकर ठगी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से 16 मोबाइल फोन तथा 15 सिम कार्ड बरामद हुए। उनके खिलाफ साइबर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगे कि कानूनी कार्यवाही जारी है। पुलिस ने बताया कि इस बात कि जाँच भी की जा रही है कि आरोपी राज्य के अन्य जिलों में इस प्रकार कि धोखाधारी की गतिविधियों में शामिल थे या नहीं।

## गाजियाबाद के गांव में भीषण आग में 150 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक



गाजियाबाद: उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के एक गांव में बृहस्पतिवार दोपहर भीषण आग लगने से 150 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में उस जगह पर भीषण आग लगने की सूचना मिली, जहां कबाड़ के निस्तारण और पुनर्चक्रण का काम होता है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदार के मुताबिक, आग में 150 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं, जिससे कई परिवार बेघर हो गए। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है, लेकिन पूरे इलाके में धुएं का गुबार है। मंदार के अनुसार, घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस बात की पुष्टि करने के लिए इलाके में सर्वेक्षण कराया जा रहा है कि कोई व्यक्ति लापता तो नहीं है। जिलाधिकारी ने बताया कि चिकित्सकों की एक टीम मौके पर है और आसपास के अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि अधिकारियों को संदेह है कि अवैध बिजली कनेक्शन में शॉर्ट सर्किट या गैस सिलेंडर से रिसाव के कारण चिंगारी भड़की होगी। अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया है और उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।

## संभल में सरकारी जमीन पर बने 'अवैध' इमामबाड़े और ईदगाह को ढहाया गया



**संभल:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में प्रशासन ने बिछौली गांव में बृहस्पतिवार को सरकारी जमीन पर कथित रूप से बने इमामबाड़े और ईदगाह को ढहा दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। संभल की उपजिलाधिकारी निधि पटेल ने संवाददाताओं को बताया कि राजस्व विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण हटाओ की इस कार्यवाही के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल भी तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 1240 और 1242 में जमीन के दो टुकड़ों पर अवैध रूप से इमामबाड़ा और ईदगाह बनाई गई थी, जिसकी शिकायत पर तहसीलदार की अदालत ने सुनवाई करते हुए बेदखली के आदेश जारी किए थे। पटेल ने बताया, राजस्व और पुलिस टीमों ने तहसीलदार अदालत के आदेशों का अनुपालन करते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान कड़ी सुरक्षा के बीच चलाया गया और इस दौरान स्थिति नियंत्रण में रही। संभल हाल के महीनों में कथित अतिक्रमण और जमीन के उपयोग तथा धार्मिक ढांचों से जुड़े विवादों पर प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर सुर्खियों में रहा है।

### वृंदावन नौका हादसा : एक और व्यक्ति का शव बरामद, मृतकों की संख्या 16 हुई

**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के वृंदावन में पिछले हफ्ते यमुना नदी में नौका पलटने की घटना में डूबे एक और व्यक्ति का शव बृहस्पतिवार को बरामद कर लिया गया, जिसके बाद इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 16 हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि एक हफ्ते से लगातार जारी तलाश अभियान के तहत पंजाब के जलालाबाद निवासी पंकज मल्होत्रा (40) का शव सुबह पानीघाट पुल के नीचे से बरामद हुआ। रावत के मुताबिक, सिर्फ मल्होत्रा की तलाश बाकी थी, क्योंकि नाव हादसे में डूबे बाकी 15 लोगों के शव पहले ही बरामद किए जा चुके थे। उन्होंने बताया कि मल्होत्रा हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में एक स्टील फैक्टरी में प्रबंधक के पद पर तैनात थे।

## राजस्थान के कोटा में बस पलटने से तीन यात्रियों की मौत, करीब 20 घायल



**कोटा:** अहमदाबाद से मध्य प्रदेश जा रही एक निजी बस राजस्थान के कोटा में डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई, जिससे तीन यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जब बस पलटी, तो सामने का शीशा चकनाचूर हो गया और बस के केबिन में यात्रा कर रहे तीन व्यक्ति सड़क पर जा गिरे, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। रात करीब साढ़े 12 बजे दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक (एसपी) तेजस्विनी गौतम, अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। यह दुर्घटना आरके पुरम पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले नयागांव ओवरब्रिज के पास हुई। पुलिस ने बताया कि क्षतिग्रस्त बस में कई यात्री फंस गए थे। दो घंटे से अधिक समय तक चले और लगभग देर रात ढाई बजे तक जारी रहे एक कठिन अभियान के बाद उन्हें निकाला गया। कोटा शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने पुष्टि की कि तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 20 अन्य घायल हो गए। घायलों को तत्काल न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार हो रहा है। दुर्घटना का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि संभवतः कुछ मवेशियों के अचानक सड़क पार करने के कारण बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया होगा। खबरों के मुताबिक, बस में यात्रा कर रहे अधिकांश यात्री मध्य प्रदेश के ग्वालियर और भिंड के रहने वाले हैं।

# लखनऊ की झुग्गी बस्ती में आग लगने से दो बच्चों की मौत



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकास नगर इलाके में एक झुग्गी बस्ती में बुधवार को लगी भीषण आग में दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) दीक्षा शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि दोनों बच्चों के शव बुधवार देर रात एक व्यापक तलाशी अभियान के बाद बरामद किए गए। उन्होंने बताया, 'शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बच्चों के माता-पिता को सूचित कर दिया गया है।' अधिकारियों ने कहा कि मृतक बच्चों की पहचान श्रुति (2) और उसकी दो महीने की बहन के रूप में हुई है, जिनके माता-पिता बाराबंकी जिले के काशीपुरवा गांव के रहने वाले हैं। विकास नगर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम रिंग रोड के पास स्थित एक झुग्गी बस्ती में भीषण आग लग गई थी, जिसने तेजी से सैकड़ों झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में झुग्गी बस्ती में रहने वाले तमाम लोगों की झोपड़ियां राख में तब्दील हो गई थीं। शर्मा ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और बिना किसी देरी के बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिए गए। उन्होंने बताया कि पुलिस, अग्निशमन विभाग, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम बुधवार शाम से ही घटनास्थल पर तैनात हैं और लगातार राहत कार्यों में जुटी हुई हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग में लगभग 200 झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं, जिससे उनमें रहने वाले सैकड़ों लोग बेघर हो गए। उन्होंने बताया कि इनमें ज्यादातर घरेलू कामगार और दिहाड़ी मजदूर शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को ही घटनास्थल का दौरा किया था और अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया था कि इस घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जिलाधिकारी विशाख जी भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी की। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा कि आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, क्योंकि अग्नि सुरक्षा ऑडिट जारी है। विशाख ने कहा कि वित्तीय सहायता के लिए राजस्व टीम प्रभावित परिवारों को हुए नुकसान का आकलन कर रही है। उन्होंने बताया कि घटना में अपने दो बच्चों को खोने वाले दंपति को आठ लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना को लेकर चिंता जताई और तत्काल राहत पहुंचाने का निर्देश दिया।

### झारखंड के गुमला में नदी में नहाते समय दो नाबालिग लड़कियों की डूबने से मौत

**गुमला/हजारीबाग :** झारखंड के गुमला जिले में बृहस्पतिवार को एक नदी में नहाते समय दो नाबालिग लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना बासिया थाना क्षेत्र में पूर्वाह्न करीब 10:30 बजे हुई। एसडीपीओ नजीर खान ने बताया, शनिचर टोला की छह लड़कियां चुटिया नदी में नहाने गई थीं। नहाते समय दो लड़कियां गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। उनकी चीखें सुनकर स्थानीय लोग उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गए। उन्होंने कहा, उन्हें नदी से बाहर निकाला गया और बासिया के रेफरल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान काजल कुमारी और दीप शिखा कुमारी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## अनिल अंबानी की याचिकाएं न्यायालय ने खारिज कीं, उच्च न्यायालय के आदेश को दी थी चुनौती



**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी की बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। बंबई उच्च न्यायालय ने तीन बैंकों द्वारा उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खातों को 'धोखाधड़ी' वाला घोषित करने के लिए शुरू की गई कार्यवाही को जारी रखने की अनुमति दी थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने साथ ही अंबानी को बैंकों के कारण बताओ नोटिस के खिलाफ उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष अपनी याचिका जारी रखने की अनुमति दी। पीठ ने एकल पीठ से अनुरोध किया कि वह इन बैंक द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के खिलाफ अंबानी की याचिका पर शीघ्र निर्णय करे। उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश अंबानी द्वारा दायर तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया, जिनमें उन्होंने उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 23 फरवरी के आदेश को चुनौती दी थी। खंडपीठ ने एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ खातों को 'धोखाधड़ी' वाला घोषित करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी। इसके साथ ही खंडपीठ ने तीन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और ऑडिट कंपनी बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा दिसंबर 2025 में एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर अपीलों को स्वीकार कर लिया था।

### झुनझुनवाला का रिलायंस समूह के साथ 2019 से ही कोई संबंध नहीं: रिलायंस पावर

**नयी दिल्ली:** रिलायंस ग्रुप के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी अमिताभ झुनझुनवाला को धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद रिलायंस पावर ने बृहस्पतिवार को कहा कि झुनझुनवाला का वर्ष 2019 के बाद से ही समूह के साथ कोई संबंध नहीं है। अनिल अंबानी की अगुवाई वाले समूह की कंपनी ने एक बयान में कहा कि झुनझुनवाला सितंबर, 2019 में ही समूह से अलग हो गए थे और उसके बाद से उनका समूह की किसी भी कंपनी से कोई जुड़ाव नहीं रहा है। यह जांच कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी है, जिसमें रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) जैसी कंपनियों के जरिये फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल कर गड़बड़ी किए जाने का आरोप है। ईडी का धनशोधन मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की तरफ से दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष: भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या में 15-20 प्रतिशत की गिरावट



**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या में 15-20 प्रतिशत की गिरावट आई है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। इसके अनुसार, संघर्ष के कारण पैदा हुई बाधाओं के चलते विमानन उद्योग को करीब 18,000 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा होने की आशंका है। 'भारत के पर्यटन, विमानन और आतिथ्य क्षेत्रों पर पश्चिम एशिया संघर्ष का प्रभाव' शीर्षक वाली रिपोर्ट में बताया गया कि विमानन क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। एयरलाइन कंपनियों को उड़ानें रद्द करने, हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग में बड़े बदलावों का सामना करना पड़ रहा है। इन बाधाओं के कारण प्रमुख मार्गों पर उड़ान के समय में 2-4 घंटे की वृद्धि हुई है, जिसके चलते ईंधन की खपत और परिचालन लागत में भारी वृद्धि हुई है। उद्योग के अनुमान बताते हैं कि एयरलाइन की परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत होती है, और वर्तमान स्थिति ने एयरलाइन की लाभप्रदता पर दबाव डाला है। रिपोर्ट में कहा गया कि दुनिया के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक पश्चिम एशिया के हवाई गलियारों में व्यवधान ने संपर्क की सुविधा को कम कर दिया है और हवाई किराये में वृद्धि की है। पीएचडीसीसीआई ने कहा कि रेटिंग एजेंसी इक्रा ने उद्योग के रुझानों, बुकिंग, रद्दीकरण और परिचालन लागत के दबावों की जांच करके उद्योग को करीब 18,000 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा होने की आशंका जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या में 15-20 प्रतिशत की गिरावट आई है, क्योंकि वैश्विक यात्री भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच सावधानी बरत रहे हैं।

## भारत, न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर 27 अप्रैल को होंगे हस्ताक्षर



**नयी दिल्ली:** भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मुक्त व्यापार समझौते का उद्देश्य घरेलू निर्यातकों के सामान को न्यूजीलैंड के बाजार में बिना किसी शुल्क के प्रवेश दिलाना है। साथ ही इससे अगले 15 साल में 20 अरब डॉलर का निवेश आएगा। दोनों देशों ने पिछले साल 22 दिसंबर को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दो-गुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है। अधिकारी ने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड व्यापार मंच की बैठक के बाद 27 अप्रैल को नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समझौते से भारत को अपने 100 प्रतिशत निर्यात पर शून्य शुल्क बाजार पहुंच मिलेगी, वहीं न्यूजीलैंड से भारत को निर्यात होने वाले 95 प्रतिशत सामान पर शुल्क समाप्त या कम हो जाएगा। इसमें ऊन, कोयला, लकड़ी, शराब से लेकर एवोकाडो और ब्लूबेरी शामिल हैं। हालांकि, किसानों और घरेलू उद्योग को संरक्षण देने के लिए भारत ने दूध, क्रीम, मट्ठा, दही और पनीर जैसे डेयरी उत्पादों, प्याज, चीनी, मसाले, खाद्य तेल और रबड़ के आयात पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। इस समझौते के तहत, न्यूजीलैंड को भेड़ का मांस, ऊन, कोयला और वानिकी एवं लकड़ी से बने 95 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। सेवा क्षेत्र के संबंध में, न्यूजीलैंड भारतीय पेशेवरों के लिए प्रतिवर्ष 5,000 वीजा के कोटे के साथ तीन वर्ष तक के प्रवास की अवधि वाला अस्थायी रोजगार प्रवेश वीजा प्रदान करेगा। दोनों देशों के बीच व्यापार 2024-25 में 1.3 अरब डॉलर रहा था। वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार 2024 में लगभग 2.4 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें अकेले सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर तक है, जिसमें यात्रा, आईटी और व्यावसायिक सेवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

### मजबूत वैश्विक संकेतों से चांदी 1,700 रुपये चढ़ी, सोना टूटा

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसकी वजह लगातार मांग और मज़बूत वैश्विक रुख था, जबकि निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रम और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर नज़र रखे हुए थे। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 1,700 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,58,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत वाला सोना 200 रुपये टूटकर 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। बुधवार को, सोने की कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को सोने में सीमित दायरे में कारोबार हुआ, जो मिले-जुले बाजार संकेतों को दिखाता है।

## वित्तीय कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 123 अंक टूटा, निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद

**मुंबई:** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद हुआ। हाल की तेजी के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 122.56 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,988.68 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और 78,730.32 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से यह गिरावट के साथ 77,674.93 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1,055.39 अंक का उतार-चढ़ाव आया। एनएसई निफ्टी भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक ऊंचे में 24,400.95 तक गया और नीचे में 24,102.80 अंक तक आया। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत के बीच दोनों मानक सूचकांकों में बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फोसिस शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू बाजार की शुरुआत सकारात्मक रही। हालांकि, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। निवेशकों ने हाल की बढ़त के बाद मुनाफावसूली की। बाजार को अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर पर स्पष्टता का इंतजार है, जो निकट भविष्य के बाजार के रुख को दिशा देगा।'

## न्यूज अपडेट

### डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 93.14 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 19 पैसे मजबूत होकर 93.14 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट के चलते रुपये में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आयातकों की डॉलर मांग बढ़ने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त पर अंकुश लगाया। कच्चे तेल की कीमतें 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहने से घरेलू मुद्रा में तेजी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.29 पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 93.10 के ऊपरी और 93.35 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 93.14 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे बढ़कर 93.33 पर बंद हुआ था।

### पाकिस्तान को सऊदी अरब से दो अरब डॉलर की सहायता मिली

**कराची:** पाकिस्तानी केंद्रीय बैंक एसबीपी ने सऊदी अरब से दो अरब अमेरिकी डॉलर की राशि मिलने की बृहस्पतिवार को पुष्टि की। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने एक दिन पहले ही तीन अरब डॉलर की विदेशी सहायता मिलने की घोषणा की थी। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने बयान में कहा कि सऊदी अरब से दो अरब डॉलर की राशि 15 अप्रैल, 2026 को प्राप्त हुई। यह राशि ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बना हुआ है। इस राशि का हस्तांतरण प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सऊदी अरब यात्रा के दौरान हुआ, जहां वह पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए गए हैं। सऊदी अरब ने हाल ही में पाकिस्तान के लिए अपनी पांच अरब डॉलर की जमा सुविधा को तीन वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। इसके अलावा अलग से तीन अरब डॉलर जमा करने का भी आश्वासन दिया है। इस नई सहायता के साथ सऊदी अरब पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में कुल आठ अरब डॉलर जमा रखने वाला सबसे बड़ा देश बन गया है।

### एशिया वैश्विक वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाता रहेगा: आईएमएफ

**वाशिंगटन:** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया वैश्विक वृद्धि का मुख्य चालक बना रहेगा, जिसमें भारत और चीन क्षेत्रीय विस्तार में 70 प्रतिशत का योगदान देंगे। साथ ही संगठन ने यह भी कहा कि खाड़ी संकट के कारण ऊर्जा का झटका इस क्षेत्र को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। आईएमएफ ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी शुल्क और व्यापारिक अनिश्चितता के चलते क्षेत्रीय वृद्धि दर के 2026 में घटकर 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा 2025 में पांच प्रतिशत था। आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने यहां पत्रकारों से कहा, 'एशिया ने 2026 में एक मजबूत स्थिति के साथ प्रवेश किया है और अमेरिकी शुल्कों तथा बढ़ती अनिश्चितता का खामियाजा भुगतने के बावजूद क्षेत्र की वृद्धि दर जुझारू बनी हुई है।' हालांकि, उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जीवाश्म ईंधन पर उच्च निर्भरता और प्रमुख वस्तुओं के लिए संघर्ष वाले क्षेत्रों पर निर्भरता को देखते हुए, ऊर्जा का नया झटका उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि इस संकट के कारण मुद्रास्फीति बढ़ रही है, बाहरी संतुलन कमजोर हो रहा है और वित्तीय मोर्चे पर सख्ती बढ रही है।

### आरबीआई 17 अप्रैल को करेगा दो लाख करोड़ रुपये की वीआरआरआर नीलामी

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह 17 अप्रैल को दो लाख करोड़ रुपये की सात दिन की 'परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर)' नीलामी करेगा। आरबीआई वीआरआरआर के जरिये बैंकों से कुछ समय के लिए पैसा लेकर बाजार की नकदी को संतुलित करता है। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त तरलता की स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। यह नीलामी सुबह 9.30 बजे से 10 बजे के बीच होगी और इसमें ली गई राशि 24 अप्रैल को वापस कर दी जाएगी। आम तौर पर हर महीने की 20 तारीख के आसपास जीएसटी भुगतान होने के कारण वित्तीय प्रणाली से नकदी निकल जाती है। इससे बाजार में नकदी की उपलब्धता पर दबाव पड़ता है और मुद्रा बाजार की दरें बढ़ सकती हैं। जीएसटी भुगतान के बाद नकदी में आई कमी को पूरा करने के लिए वीआरआरआर के तहत ली गई राशि प्रणाली में वापस आएगी, जिससे अल्पकालिक ब्याज दरें नियंत्रण में रहेंगी।



## दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए शानदार मौका : हरमनप्रीत कौर



**डरबन:** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को उचित मौका दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी है और शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का पूरा फायदा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। हरमनप्रीत ने यह भी कहा कि वनडे विश्व कप जीतने के बाद उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। भारत ने हाल में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में जीत दर्ज की है। भारतीय कप्तान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले इंग्लैंड एवं वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट से पहले उन्हें संयोजन को परखने और लय बनाने का मौका देंगे। हरमनप्रीत ने श्रृंखला से पहले आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हम इस मौके को बहुत गंभीरता से लेना चाहते हैं और यहां अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना चाहते हैं। विश्व कप से पहले यह हमारे लिए एकजुट होने और अच्छी तैयारी का शानदार मौका है।' भारत ग्रुप ए में आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के साथ है। हरमनप्रीत ने कहा कि पांच मैच की श्रृंखला में सभी खिलाड़ियों को मौका देना ही प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा, 'ये मैच यह सुनिश्चित करने के लिए काफी अहम हैं कि सभी खिलाड़ियों को बराबर मौके मिले ताकि हम विश्व कप के लिए जाने से पहले एक इकाई की तरह पूरी तरह तैयार रहें। साथ ही हम यहां जीत दर्ज करना चाहेंगे।' उन्होंने कहा, 'वनडे विश्व कप के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। टीम अच्छी लय में हैं और विश्व कप से पहले हमारे लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है।' परिस्थितियों के बारे बात करते हुए हरमनप्रीत ने कहा, ''यहां का मौसम बिलकुल भारत की तरह है। अंतर सिर्फ पिच में है, लेकिन हम इसके आदि हो रह हैं और उम्मीद है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।'

## डिकॉक के शतक पर भारी प्रभसिमरन की पारी
## पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराया



**मुंबई :** प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। क्विंटन डिकॉक के नाबाद शतक के बावजूद मुंबई को हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 195 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही और 12 रन पर दो विकेट गिर गए, लेकिन इसके बाद डिकॉक (नाबाद 112) और नमन धीर (50) ने तीसरे विकेट के लिए 122 रन की मजबूत साझेदारी कर टीम को संभाला। डिकॉक ने 60 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाए। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिए। जवाब में पंजाब किंग्स ने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। टीम ने 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रभसिमरन सिंह ने 39 गेंदों में नाबाद 80 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 11 चौके और दो छक्के शामिल थे। उन्होंने कप्तान श्रेयस अय्यर (66) के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 रन की निर्णायक साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मुंबई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। अंत में प्रभसिमरन ने मार्कस स्टोइनिस के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स पांच मैचों में नौ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई, जबकि मुंबई इंडियन्स दो अंकों के साथ निचले पायदान पर बनी हुई है।

### टखने की चोट के कारण आईपीएल से बाहर सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज डेविड पेन

**नयी दिल्ली:** सनराइजर्स हैदराबाद को बृहस्पतिवार को एक और झटका लगा जब इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज डेविड पेन टखने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए सत्र से बाहर हो गए। पेन (35 वर्ष) सनराइजर्स हैदराबाद के लिए पहले दो मैच में खेले थे और उन्होंने दो विकेट झटके थे। सनराइजर्स हैदराबाद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''डेविड पेन टखने की चोट के कारण बचे हुए टाटा आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं।'' फ्रेंचाइजी ने लिखा, ''उनके जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं।'' 2016 की चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद अभी दो जीत और तीन हार के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। टीम इस सत्र में खिलाड़ियों की चोटों से प्रभावित हुई है। इंग्लैंड के एक और क्रिकेटर ब्रायडन कार्स सत्र की शुरुआत में हाथ में लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे जिससे टीम ने उनकी जगह श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को शामिल किया था।

## अर्जुन और आदित्य ने यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीता



**नयी दिल्ली:** अर्जुन सिंह ने आदित्य सिंह की भारतीय जोड़ी ने फ्लोरिडा के नेपल्स में चल रही यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जे मेओडे और डब्ल्यू लिन को 9-11, 11-2, 11-7 से हराकर पुरुष युगल 5.0 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ की जोड़ी ने 4.5 पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में कैयन एप्पल और माइकल वैन ड्यूसेन से 8-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन और आदित्य ने कहा, 'यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीतना बेहद संतोषजनक है। हमने फिर से मिलकर यह खिताब जीता है जिससे यह और खास बन जाता है। हम आगे भी जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहेंगे।' अर्जुन का यह टूर्नामेंट में तीसरा स्वर्ण पदक है। अपने भाई आदित्य के साथ उनका दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले टूर्नामेंट में उन्होंने लड़कों के अंडर-18 में युगल खिताब जीता था।

## सीएसके के लिए बड़ा झटका, खलील चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**नयी दिल्ली:** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज खलील अहमद कूल्हे में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं जो अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी इस फ्रेंचाइजी टीम के लिए करारा झटका है। खलील ने सीएसके की तरफ से अभी तक सभी पांच मैच में हिस्सा लिया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 14 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान अपने दाहिने कूल्हे में दर्द की शिकायत की थी। उन्होंने अब तक सीएसके की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था और उसके गेंदबाजी आक्रमण के मुख्य सदस्य थे। आईपीएल के एक सूत्र ने बताया, 'यह ग्रेड दो की चोट है और इसे ठीक होने में कम से कम 10-12 सप्ताह का समय लगेगा।'

## गेंदबाज पंत को आउट नहीं कर रहे, अधिकतर वह खुद आउट हो रहा है: सिद्धू



नयी दिल्ली: भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऋषभ पंत अपनी विकेट खुद ही गंवा रहे हैं जबकि वह इसके लिए गेंदबाजों को मेहनत नहीं करवा रहे और और इसी वजह से मौजूदा आईपीएल सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। मौजूदा सत्र में पंत का प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है जिसमें कई बार उन्होंने बहुत कम स्कोर बनाए हैं। उन्होंने एकमात्र अच्छी पारी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 68 रन की खेली। सुपर जाइंट्स की टीम इस समय अंक तालिका में सातवें स्थान पर है जिसकी मुख्य वजह उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। पंत और सुपरजाइंट्स के बारे में बात करते हुए सिद्धू ने कहा, ''उन्हें अपनी कमियों पर काफी गहराई से सोचने की जरूरत है। उनकी समस्याएं बनी हुई हैं, विशेषकर इसलिए क्योंकि उनका शीर्ष क्रम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है। वे अपने शुरुआती तीन बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर रहे हैं लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं मिला है।'' उन्होंने कहा, ''जब आप (एडेन) मारक्रम, (निकोलस) पूरन, (मिचेल) मार्श और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों को देखते हैं तो उनमें जबरदस्त क्षमता नजर आती है लेकिन उनके बीच साझेदारियों की कमी है।' सिद्धू ने कहा, 'शीर्ष क्रम में 50 रन की साझेदारी भी बहुत कम देखने को मिली है। मुझे नहीं लगता कि गेंदबाज ऋषभ को आउट कर रहे हैं बल्कि अधिकतर वह खुद ही आउट हो रहे हैं। उनमें प्रतिभा और क्षमता दोनों हैं और अगर वह खुद को थोड़ा समय दें तो वह अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। फिलहाल उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही संघर्ष करती नजर आ रही हैं।'

## जय शाह को 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की 'यंग ग्लोबल लीडर्स क्लास ऑफ 2026' में शामिल किया गया

**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह को 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' ने 'यंग ग्लोबल लीडर्स क्लास ऑफ 2026' में शामिल किया है। फोरम ने वैश्विक क्रिकेट के भविष्य को संवारने में उनकी भूमिका को मान्यता दी है। शाह भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सबसे कम उम्र के सचिव रह चुके हैं और उन्होंने आईपीएल के संचालन, महिला क्रिकेट के विकास और बड़े मीडिया अधिकार सौदों में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करवाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, ''शाह का चयन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रशासन में उनके बढ़ते प्रभाव को दिखाता है। आईसीसी चेयरमैन के तौर पर उन्होंने इस खेल की वैश्विक पहुंच बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को मजबूत करने और स्थापित व उभरते बाजारों में क्रिकेट को लंबे समय तक विकास के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया है।' विज्ञप्ति के अनुसार,'उन्होंने एलए 2028 ओलंपिक के लिए क्रिकेट को दोबारा ओलंपिक में शामिल करवाने में भी अहम भूमिका निभाई है। इस सम्मान के जरिए शाह उन नेताओं के वैश्विक नेटवर्क में शामिल हो गए हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में प्रभाव डाल रहे हैं।

वर्ष 11, पूर्णांक 3565 अंक 031 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in